चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 139, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 17 जून 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'बिपरजॉय' के रौद्र रूप ने मचाई तबाही

**अकेले कच्छ जिले में एक हजार से अधिक पेड़ धराशाई, सड़कें जलमग्न, बिजली के सैकड़ों पोल गिरे, 940 गांव अंधेरे में, गुजरात में सबसे बड़ा स्थलांतरण, एक लाख लोग प्रभावित क्षेत्र से हटाए गए, हवा के झोंकों से गिरे 1137 पेड़ों को हटाकर 260 सड़कों को सुचारू किया**



**अहमदाबाद।** बिपरजॉय चक्रवाती तूफान के कच्छ जिले की मांडवी तहसील के जखौ बंदरगाह के समीप टकराने के बाद देररात तक इसका असर समूचे कच्छ, द्वारका और जामनगर जिले में रहा। चक्रवात के लैंडफॉल की प्रक्रिया रात साढे.12 बजे तक चली। इस दौरान जल, थल और नभ में बवंडर मचा रहा। तेज हवाओं के साथ बारिश ने कहर बरपाया। यह पिछले छह घंटे के दौरान 13 किलोमीटर की रफ्तार से उत्तर पूर्व की ओर आगे बढ़ रहा है। जखौ बंदरगाह से वह 40 किलोमीटर उत्तर पूर्व दूर गया, वहीं नलिया से 30 किलोमीटर उत्तर पूर्व जा चुका है। तेज बारिश के कारण जगह-जगह पानी भर गया है। राहत कमिश्नर आलोक पांडेय के अनुसार कच्छ में महज 2 घंटे में 78 मिलीमीटर यानी 4 इंच बारिश हुई है। वहीं 240 गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित होने और पेड़ों के गिरने की सर्वाधिक घटनाएं हुई हैं। कच्छ-सौराष्ट्र के जिलों में एक हजार से अधिक पेड़ धराशायी हुए हैं। द्वारका में 73 पेड़ गिरे हैं। अभी तक 22 लोगों के घायल होने की सूचना है। तूफान अब दक्षिण राजस्थान से आगे बढ़ चुका है।

चक्रवात के लैंडफॉल होने के बाद द्वारका जिले में तूफानी हवाएं चलीं। खंभालिया में सर्वाधिक नुकसान होने की खबर है। जिले में 1500 से अधिक बिजली के पोल गिरने की खबर है। जिले में पीजीवीसीएल की 117 टीम तैनात की गई हैं। सौराष्ट्र-कच्छ के समुद्र तटीय क्षेत्र में तेज हवा और बारिश के कारण कई जगहों पर विशालकाय वृक्ष धराशायी हो गए।



### 5120 पोल गिरे, 4600 गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित

**राहत आयुक्त** ने बताया कि प्रभावित जिलों में 5120 बिजली के पोल गिर गए जिससे 4600 गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। इसमें 3580 गांवों में फिर से बिजली व्यवस्था बहाल कर दी गई है। पीजीवीसीएल की टीम चालू बारिश में अन्य गांवों की बिजली व्यवस्था बहाल करने में जुटी है। उन्होंने बताया कि प्रभावित जिलों में 20 कच्चे मकान, 9 पक्के मकान और 65 झोपड़ी धराशायी हुई है। इसमें 474 कच्चे मकान और 2 पक्के मकान को नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग के अनुसार तूफान गुजरात को पार करेगा और धीरे-धीरे हवा की रफ्तार कम होती जाएगी।

## 'सरकार की पूर्व योजना से टला महासंकट'

**गांधीनगर/अहमदाबाद।** गुजरात के समुद्र तटीय क्षेत्रों में बिपरजॉय चक्रवाती तूफान के टकराने के बाद प्रभावित जिलों की परिस्थिति की जानकारी के लिए मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने शुक्रवार सुबह स्टेट इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (एसईओसी) पहुंचे। यहां उन्होंने सचिव समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। अधिकारियों से मुख्यमंत्री ने हालात के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

**पूर्व तैयारी से नुकसान को न्यूनतम किया गया:** राहत आयुक्त आलोक पांडेय ने बताया कि राज्य सरकार के चक्रवात पूर्व की तैयारियों ने बड़ी जनहानि और नुकसान को टाल दिया। राज्य में चक्रवात के कारण एक भी जनहानि की खबर नहीं है। प्रभावित क्षेत्रों से एक लाख से अधिक लोगों को स्थल से हटाकर दूसरी सुरक्षित जगहों पर रखा गया। यहां सभी के लिए भोजन, पानी और दवाओं की व्यवस्था की गई। गुजरात के इतिहास में यह सबसे बड़ा स्थलांतरण है। करीब 5 दिनों से सरकार और प्रशासन की तैयारियों की वजह से इतनी बड़ी विपदा आने के बाद भी नुकसान को न्यूनतम किया जा सका है।



**263 सड़कों पर वृक्ष गिरने से आवाजाही प्रभावितः** राहत आयुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री ने बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारियों से विस्तार से जानकारी मांगी। इसमें चक्रवाती तूफान से प्रभावित क्षेत्रों में जलापूर्ति की स्थिति, संचार व्यवस्था, बिजली और सड़क की स्थिति आदि शामिल है। इसके अलावा नुकसान का अंदाज लगाने, प्रभावितों के लिए कैशडॉल, घर-गृहस्थी के सामान, झोपड़ा बनाने की सहायता और पशुधन नुकसान होने पर सहायता आदि के संबंध में जरूरी निर्देश दिए गए। राहत आयुक्त आलोक पांडे के अनुसार प्रभावित जिलों में आर्थिक नुकसान हुआ है, परंतु इससे तेजी से उबरा जा सकेगा। तूफान के कारण 1137 वृक्ष धराशायी हो गए थे, जिससे 263 सड़कों पर आवाजाही प्रभावित हुई। इन सभी वृक्षों को तत्काल प्रयास से हटाया गया जिसके बाद 260 सड़कों पर फिर से आवाजाही शुरू हो गई। इसके अलावा 3 सड़कों पर अधिक नुकसान होने के कारण उसे पूर्ववत करने का काम चल रहा है।

## सीएम योगी ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

**सोनभद्रः** सोनभद्र पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया और अधिकारियों को दिशानिर्देश दिये। अपने तय कार्यक्रम से आधा घंटा पहले ही मुख्यमंत्री सोनभद्र पहुंच गये। उन्होंने सबसे पहले मेडिकल कॉलेज का जायजा लिया और निर्माण की प्रगति देखी। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के हर हिस्से का गहनता से निरीक्षण किया और कार्यदायी संस्था के अधिकारियों निर्देश देते रहे। बता दें कि वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज



प्रोजेक्ट के तहत प्रदेश के सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य तेज गति से जारी है। इसी क्रम में सोनभद्र जिला मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल को उच्चीकृत करते हुए मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य जारी है। मुख्यमंत्री ने युद्धस्तर पर निर्माण कार्य कराते हुए जल्द से जल्द मेडिकल कॉलेज को पूरा करने के निर्देश दिये, ताकि अगले शैक्षणिक सत्र से इसका संचालन शुरू हो सके।

## 2024 में कांग्रेस का साथ नहीं देंगी ममता!

**नामखानाः** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आज भाजपा और दूसरी विपक्षी पार्टियों पर उनके खिलाफ दुष्प्रचार करने का आरोप लगाया है। भाजपा द्वारा बंगाल के पंचायत चुनाव में हिंसा के आरोप लगाने पर ममता ने पलटवार किया है।

**पंचायत चुनाव में शांति का दावाः** ममता ने कहा कि नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण है, लेकिन विपक्षी दल जानबूझकर छिटपुट घटनाओं को मुद्दा बनाने की कोशिश कर रहे हैं। बता दें कि राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने भी भांगोर का दौरा करने के बाद कहा था कि राज्य में राजनीतिक हिंसा समाप्त होनी चाहिए, जहां एक दिन पहले दो दलों के समर्थक आपस में भिड़ गए थे, जिसमें तीन की मौत हो गई थी। मुख्यमंत्री ममता ने



राज्यपाल के बयान पर जवाब देते हुए कहा- बंगाल के अलावा कोई अन्य राज्य नहीं है जहां पंचायत चुनाव नामांकन प्रक्रिया इतनी शांतिपूर्ण है। विपक्षी दल सीपीआई (एम), कांग्रेस, बीजेपी और आईएसएफ नामांकन अभ्यास के दौरान एक या दो घटनाओं पर हमें दोष देने की कोशिश कर रहे हैं।

**2024 में साथ मिलने की उम्मीद न करे कांग्रेसः** ममता दो महीने लंबे चले 'तृणमूल एह नबोजोवर' (तृणमूल में नई लहर) के समापन सत्र को संबोधित कर रही थीं। बनर्जी ने भाजपा और माकपा के साथ सुर मिलाने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधते हुए यह भी कहा कि अब कांग्रेस पार्टी को भाजपा के खिलाफ लड़ाई में टीएमसी से राष्ट्रीय स्तर पर समर्थन की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। इससे पहले, राज्यपाल ने संवाददाताओं से कहा था कि बंगाल के कुछ हिस्सों में कुछ अवांछित घटनाएं हुई हैं। भांगोर में स्थिति का जायजा लेने के बाद उन्होंने कहा कि किसी भी हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और हमें इसे समाप्त करना होगा।

## ज्ञानी रघुबीर सिंह होंगे अकाल तख्त साहिब के नए जत्थेदार

**चण्डीगढ़।** शिरोमणि गुरद्वारा प्रबंधक कमेटी ने शुक्रवार को आपात बैठक बुलाकर अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह को पदमुक्त कर दिया। उनके स्थान पर तख्त केसगढ़ साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुबीर सिंह को अकाल तख्त साहिब का नया जत्थेदार नियुक्त किया गया है। ज्ञानी हरप्रीत सिंह पहले की तरह तख्त दमदमा साहिब के जत्थेदार बने रहेंगे। हरिमंदिर साहिब के ग्रंथी व पूर्व अरदासिया ज्ञानी सुल्तान सिंह को केसगढ़ साहिब का नया जत्थेदार नियुक्त किया गया है। रघुबीर सिंह अकाल तख्त साहिब के कार्यकारी जत्थेदार होंगे। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है, जब अकाल तख्त जत्थेदार विदेश में हैं। वह शनिवार की रात लौटेंगे। इससे पहले हरप्रीत सिंह भी अकाल तख्त साहिब के कार्यकारी जत्थेदार थे। शुक्रवार को एसजीपीसी की आपात बैठक केवल इसी मुद्दे के लिए बुलाई गई थी। ज्ञानी हरप्रीत सिंह का कई माह से शिरोमणि अकाली दल और एसजीपीसी के साथ टकराव चल रहा था। सबसे ज्यादा नाराजगी ज्ञानी हरप्रीत सिंह के आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा की सगाई में जाने को लेकर थी।

**योगी सरकार की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हो रही सराहना**

## यूपीः बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की हो रही तारीफ

**लखनऊ।** योगी सरकार द्वारा प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर किये जा रहे प्रयासों की तारीफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी होने लगी है। हाल ही में वाराणसी के जिला महिला अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंची संयुक्त राष्ट्र की टीम के वरिष्ठ सदस्य ने अस्पताल के प्रबंधन की तारीफ की है। संयुक्त राष्ट्र संघ के असिस्टेंट सेक्रेटरी जनरल होलीयांग जू ने अपने संदेश में कहा है कि वाराणसी में जिला महिला अस्पताल का दौरा करने और ईविन सिस्टम को गतिमान देखकर उन्हें



बहुत खुशी हुई। जू ने कहा, "यह देखकर प्रसन्नता हो रही है कि बेहद समर्पित अस्पताल प्रशासन, डॉक्टरों और सभी कर्मचारियों द्वारा लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए ई-विन प्रणाली का कितना सफल उपयोग किया जा रहा है। बता दें कि बीते मंगलवार को होलियांग जू के नेतृत्व में यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम (यूएनडीपी) की अंतरराष्ट्रीय टीम ने जिला महिला चिकित्सालय स्थित वैक्सीन कोल्ड चेन प्वाइंट का निरीक्षण किया था।

इस दौरान टीम ने वैक्सीन के तापमान रख-रखाव व प्रबंधन के लिए तैयार किए गए ई-विन व्यवस्था प्रणाली के बारे में संपूर्ण जानकारी ली थी।

## कांग्रेस का हाथ जिहादियों के साथः नरोत्तम मिश्रा

**भोपाल।** कर्नाटक में कांग्रेस सरकार द्वारा धर्मांतरण विरोधी कानून वापस लेने पर राजनीति गरमा गई है। मप्र के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कर्नाटक सरकार के इस फैसले पर तंज कसते हुए कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस का हाथ जिहादियों के साथ है। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे कर्नाटक सरकार के फैसले को देखते हुए मध्य प्रदेश में आने वाले समय में अपना फैसला लें कि वह किसके साथ जाएंगे? गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कि कर्नाटक सरकार ने धर्मांतरण विरोधी कानून को वापस ले लिया है। यह फैसला लव जिहाद को बढ़ावा देगा। इसके अलावा इस फैसले ने कांग्रेस की मानसिकता को भी स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस का हिडन एजेंडा है जिसे सभी लोग समझ रहे हैं। वे तुष्टिकरण की राजनीति दोबारा शुरू करना चाहते हैं जिसके लिए उन्होंने अपने कदम भी बढ़ा दिये हैं। गृहमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस कहती कुछ और है और दिखावा किसी और बात का करती है, जबकि फैसले अलग ही लिए जाते हैं।

## एक्सप्रेस-वे निर्माण की रफ्तार को तीव्र करेगी योगी सरकार

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश को एक्सप्रेस प्रदेश बनाने की दिशा में कार्य कर रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप सरकार प्रदेश में एक्सप्रेस-वे का जाल बिछाने के लिए दिन-रात काम कर रही है। इसी क्रम में गंगा एक्सप्रेस-वे और बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के निर्माण को लेकर इस वर्ष जारी होने वाले वार्षिक अनुदान किस्त की अदायगी का मार्ग प्रशस्त हो गया है। प्रदेश सरकार ने इस संबंध में गंगा एक्सप्रेस-वे के लिए 100 करोड़, जबकि बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के लिए 40 करोड़ रुपये की किस्त जारी करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार के लिए योगी सरकार एक्सप्रेस-वे योजनाओं को गति दे रही है। यह सरकार के प्रयासों का ही असर



है कि एक्सप्रेस-वे निर्माण की दिशा में यूपी तेजी से प्रगति कर रहा है।

**मेरठ से प्रयागराज रूट पर होगा कामः** प्रदेश में इस समय 07 एक्सप्रेस-वे क्रियाशील हैं, जबकि 06 निमार्णाधीन हैं। इनमें सबसे प्रमुख गंगा एक्सप्रेस-वे व बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे हैं, जो कई बड़े शहरों को कनेक्ट करते हैं। ऐसे में मेरठ से प्रयागराज के मध्य बन रहे गंगा एक्सप्रेस-वे को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से 100 करोड़ रुपये की वार्षिक अनुदान किस्त जारी करने की हरी झंडी मिल गई है। गंगा एक्सप्रेस-वे की कुल अनुमानित लागत 36,230 करोड़ रुपये है। इसमें से अब तक 4,775 करोड़ रुपये की धनराशि परियोजना के लिए जारी हो चुकी है। वहीं इस वर्ष इस क्रम में 100 करोड़ रुपये की धनराशि यूपीडा जारी कर रहा है। गौरतलब है कि पीपीपी मॉडल के आधार पर 594 किमी लंबे गंगा एक्सप्रेस-वे का प्रदेश में निर्माण किया जा रहा है और चार चरणों में पूर्ण होने वाली इस योजना की घोषणा नरेंद्र मोदी द्वारा 18 दिसंबर 2021 को शाहजहांपुर में की गई थी।

## 'आजमगढ़ से चुनाव लड़ने पर पार्टी का नेतृत्व करेगा फैसला'

**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी के राष्टीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव शुक्रवार को आजमगढ़ पहुंचे । इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह से विफल है और वर्ष 2024 में उनकी पार्टी की पूरी कोशिश प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर भाजपा को हराने की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ला एंड आर्डर पूरी तरह से विफल है। आज पत्रकार, वकील के भेष में पुलिस अभिरक्षा में गोली मारी जा रही है। आजमगढ़ से लोकसभा चुनाव लड़ने के संबंध में शिवपाल यादव ने कहा कि इसका फैसला राष्ट्रीय नेतृत्व करेगा। जनपद के रानी की सराय क्षेत्र के चडई गांव में



सीआरपीएफ जवान परविंद यादव के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान शिवपाल यादव ने कहा कि परविन्द यादव आतंकवादियों के हमले में शहीद हुए, इसलिए उन्हें शहीद का दर्जा मिलना चाहिए। पत्नी को नौकरी भी मिलनी चाहिए। उन्होंने भाजपा द्वारा केंद्र सरकार के 9 साल के अवसर पर चलाए जा रहे अभियान पर निशाना साधा। कहा कि यह केवल ठगने का काम किए हैं। 5 कार्य भी ढंग से नहीं किए हैं। प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा करते हुए शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि पुलिस अभिरक्षा में पत्रकार और वकील के वेश में कोर्ट तक में हत्या हो जा रही है। सरकार ने पत्रकारों और वकीलों को भी बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। भ्रष्टाचार, महंगाई और बिजली के मुद्दे पर प्रदेश सरकार को घेरते हुए उन्होंने कहा कि सभी मुद्दों पर यह सरकार फेल है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की कुचलकर मौत



अखंड भारत संदेश

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के मण्डौर तिराहे पर देवर के साथ जा रही महिला को एक अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। जिससे दुर्घटना में देवर सुरक्षित रहा। जबकि महिला की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।वही सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।घटना के बाद मौके से चालक फरार हो गया। कहरा थाना उतरांव निवासी महेश कुमार भारतीय जो राजगीरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। शुक्रवार सुबह 9:00 बजे के करीब महेश का भाई राजेंद्र अपनी भाभी सुनीता देवी को लेकर उसके ससुराल गोलवा हण्डिया के लिए जा रहा था। जैसे उतरांव थाना क्षेत्र के मंडौर तिराहा पर पहुंचा था कि बलरामपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें चालक राजेंद्र कुमार अनियंत्रित होकर मोटर साइकिल लेकर खेत में गिर गया। वहीं महिला वाहन के चक्का के नीचे आ गई।जिससे वही मौके पर ही महिला मौत हो गई। मौके से चालक फरार हो गया। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। सुनीता देवी40 की मौत से बच्चे समेत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने मृतिका के पति की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच में जुटी हुई है। दुर्घटना में शामिल वाहन को पुलिस ने कब्जे में लिया है।

## रोडवेज बस व बाइक की आमने- सामने हुई टक्कर बाइक सवार महिला की मौत

### बाइक चालक समेत तीन गंभीर रूप से घायल

**जसरा।** घूरपुर थाना क्षेत्र के जसरा ब्लाक के पास मजार के सामने रोडवेज बस और बाइक की आमने सामने की टक्कर में बाइक सवार महिला की मौके पर मौत हो गई,जब कि बाइक चालक समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। थानाध्यक्ष घूरपुर चारों को जसरा सीएचसी ले गये। जहां से गंभीर रहे तीन को एस आर एन प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया है। वहीं मृतिका को पीएम के लिए भेज दिया। लालापुर थाना के सुजौना गांव निवासी मुकुंद लाल 50 वर्ष पुत्र भाईलाल अपने ससुराल भनौरी कौंधियारा में रह रहे थे। सुबह सुजौना में रह रहे दो बेटे आपस में विवाद कर लिए थे। जिसको सुलझाने के बाद पत्नी ननकी देवी 45 वर्ष,बेटा बलराम 22 वर्ष व नाती रुद्र 7 वर्ष पुत्र बालकृष्ण उर्फ दाऊ एक बाइक से चारों भनौरी जा रहे थे। जसरा ब्लॉक के आगे मजार के पास जैसे बाइक पहुंची सामने से बारा जा रही रोडवेज बस ने जोरदार टक्कर मार दिया। बाइक चालक समेत चारों सड़क पर गिर गये। आस पास के लोगों ने तत्काल घूरपुर पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर पहुंचे









थानाध्यक्ष घूरपुर दिनेश कुमार मौर्य अपने हमराहियों के साथ चारों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा ले गये। जिसमें पिता,पुत्र व नाती को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थित में एस आर एन प्रयागराज भेज दिया जब कि पत्नी ननकी देवी की मौत होने पर पीएम के लिए प्रयागराज भेज दिया गया। मां बाप गये थे समझौता कराने : मुकुंद लाल अपनी पत्नी व छोटे बेटे को लेकर गांव में रह रहे दोनों बेटों का झगड़ा सुलझाने गये थे। उन्हें क्या पता कि लौटते समय दुर्घटना में पत्नी की मौत हो जाएगी। घर में मचा



कोहराम : चारों के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना जैसे ही सुजौना पहुंची परिजन मौके पर पहुंच गए और मां की मौत पर दहाड़े मारकर रोने लगे।

## कार ने मारी टक्कर युवक की मौत परिजनों ने किया चक्काजाम

अखंड भारत संदेश

भुंडा चौकी अंतर्गत गुरुवार को कार सवार ने खेस्का धरवारा के पास बाइक सवार को सामने से टक्कर मार दी, जिससे युवक व उसकी भाभी और भतीजा घायल हो गए



**करछना।** थाना क्षेत्र के भुंडा चौकी अंतर्गत गुरुवार को कार सवार ने खेस्का धरवारा के पास बाइक सवार को सामने से टक्कर मार दी, जिससे युवक व उसकी भाभी और भतीजा घायल हो गए। वहीं युवक की हालत गंभीर हो गई, जहां देर रात इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। धरवारा निवासी दीवान (20) पुत्र स्वर्गीय बनवारी लाल गुरुवार को अपनी भाभी और भतीजे को बैठा कर दवा कराने गया था। वापस आते समय कोहड़ार से आ रही कार ने खेस्का के पास बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। करछना पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। जहां दीवान की गुरुवार की रात इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। दीवान पांच भाइयों में सबसे छोटा था, और आईटीआई की पढ़ाई कर रहा था। उसकी मौत से स्वजनों का रो- रोकर बुरा हाल है। वहीं दीवान की मौत से गुस्साए स्वजनों ने शुक्रवार को सुबह करछना- कोहड़ार रोड पर धरवारा गांव के सामने चक्का जाम कर दिया, मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी और तहसील प्रशासन ने परिजनों को समझा-बुझाकर चक्का जाम खुलवाया। पुलिस ने आरोपित चालक और कार को पकड़ लिया है।

## बोलेरो और बाइक की टक्कर में बाइक सवार हुए घायल

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** कोरांव बाजार से सटी ग्राम पंचायत पड़रिया में कोरांव मांडा मार्ग पर दोपहर बाद 3 बजे के आसपास बोलेरो एवं पल्सर बाइक की भिड़ंत हो जाने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में बाइक पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई है। जानकारी के मुताबिक कलामुद्दीन पुत्र मोहम्मद यासीन निवासी कोसफरा खुर्द थाना कोरांव अपने साथी फिदा हुसैन पुत्र मोहम्मद हुसैन के साथ पल्सर बाइक से अपने भाई शहाबुद्दीन की बारात कोरांव थाना क्षेत्र के दादर गांव जा रहा था। अभी वह घर से लगभग एक किलोमीटर दूर ही आया था कि सामने से आ रही बोलेरो वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। बाइक चालक कलामुद्दीन व साथी फिदा हुसैन दोनों गंभीर रूप



से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से एक निजी अस्पताल में दोनों को भर्ती कराया गया। जहां कलामुद्दीन की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जबकि फिदा हुसैन का कोरांव के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। भाई की बारात हर्षोल्लास के साथ जा रही थी कि हादसा हो जाने से परिवार में मायूसी छा गई। सूचना पर थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह भी दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। हादसे में क्षतिग्रस्त बाइक व बोलेरो वाहन को अपने कब्जे में लेते हुए थाने उठा ले गए। बोलेरो वाहन पर पीडब्ल्यूडी लिखा था। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि किसी सरकारी कर्मचारी का ही वाहन है।

### दो बाइकों को टक्कर में एक की हालत गंभीर

**मऊआइमा।** आगे जारही बाइक में पीछे से दूसरे बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी जिस में एक की हालत नाजुक बनी हुई है। प्रतापगढ़ के थाना रानीगंज के तेजा का पूरा मुआर अधारगंज ग्राम निवासी जगदीश प्रसाद पटेल पुत्र आशाराम अपनी बाइक से मऊआइमा के महमदपुर के पास पहुंचा था कि पीछे से एक अन्य बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी।जिससे जगदीश प्रसाद जख्मी हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तथा आरोपी बाइक छोड कर फरार हो गया। पुलिस ने बाइक थाने में खडी कर शनिगौतम पुत्र नन्द लाल गौतम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### दो अलग अलग गांवों में मार-पीट व तोडफोड़

**कई घायल चौदह के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना अंतर्गत दो अलग अलग गांवों में मार पीट तोड फोड में कई घायल बेहोश दोनों घटना क्रम में पुलिस ने चौदह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है। मऊआइमा के झलिहायी गांव निवासनीय लक्ष्मी देवी पत्नी महेंद्र कुमार का आरोप है कि वह कलोनी का निर्माण करवा रही थी । आरोप है कि विपक्षी एक राय होकर लाठी डंडा सरिया कुल्हाड़ी से हमला बोल दिए। जिससे उनके भतीजे बब्लू ,पुष्पेंद्र को नाजुक हालत में एस आर एन में भर्ती कराया गया है।आरोप है कि वीडियो बना रही बेटी का मोबाइल छीन कर पटख कर तोड दिए। लक्ष्मी देवी ने मऊआइमा थाने में विपिन ,विनीत ,विनय कुमार ,विवेक ,सूरजदीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। उधर ग्राम सराय टोडरमल दांदूपुर निवासनीय प्रिंका देवी पत्नी राम सरण का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर गांव के कतिय लोग एक राय होकर उसके घर पर हमला बोल दिए। आरोप है कि जब उसका पति रामसरन और पुत्री सुस्मिता जान बचा कर घर में घुस गए तो घर में घुस कर मारे पीटे दरवाजा तोड दिए तथा सीमेंट का चादर क्षतिग्रस्त कर दिए। प्रिंका देवी ने मऊआइमा थाने में संदीप अशोक गनेश मुकेश सीमा पंडित शिवानी विकास सोनेलाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

## युवक का रेलवे ट्रैक के किनारे मिला शव

अखंड भारत संदेश

### बुझ गया घर का इकलौता चिराग



**जंघई।** रेलवे स्टेशन जरौना के पश्चिम मीरगंज थाना से लगभग 400 मीटर दूरी पर मेदपुर बनकट गांव निवासी युवक का शव रेलवे लाइन के बगल मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पाते ही मीरगंज पुलिस व क्षेत्राधिकारी मछलीशहर अतर सिंह मौके पर पहुच जांच पड़ताल करने में जुट गए। प्रारंभिक जांच मे हत्या की आशंका पुलिस जता रही है। मेदपुर बनकट गांव निवासी रिशांक सिंह उर्फ रिशु उम्र 24 वर्ष पुत्र संजय सिंह अपनी बुआ के घर ज्ञानपुर में रहकर बीएससी द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। गुरुवार को वहां से लौटते समय देर शाम होने पर वह घर पर फोन करके बता दिया कि मैं दो घंटे में घर पहुंच जाऊंगा। अधिक देर होने पर परिजनों ने रिशांक के मोबाइल पर संपर्क करना चाहा तो फोन नही उठा तो परिजन खोजबीन करते हुए घर से थोड़ी दूर पूरब तरफ रेलवे लाइन के बगल पहुंचे तो रिशांक गंभीर हालत में पड़ा मिला। आनन फानन में स्वजन उपचार के लिए प्रयागराज के स्वरूप रानी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया रोते बिलखते परिजन शव को लेकर घर पहुंचे। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मीरगंज व डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंच कर आवश्यक जांच पड़ताल करते हुए उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत कराया। क्षेत्राधिकारी मछलीशहर अतर सिंह पहुच फोरेंसिक टीम व डॉग स्वायड टीम को सूचित कर आवश्यक जांच पड़ताल करने में जुट गए।शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े 6 बजे फोरेंसिक टीम व खोजी कुत्ता पहुंचा जिसमें शौर्य नामक खोजी कुत्ता कुछ दूर तक जाकर लौट आया। मां कंचन देवी दहाड़े मारकर रोते हुए बेसुध हो जा रही हैं घटना से घर का चिराग बुझ गया दो बेटी साक्षी व स्वाति है पुलिस को घटनास्थल से स्कूटी, पर्स बरामद हुआ।

मृतक के सिर पर गहरे प्रहार के साथ कमर व पैर में गम्भीर चोटे के निशान है।10 बजे मौके पर पहुंचे एसपी ग्रामीण शैलेन्द्र सिंह ने उपस्थित ग्रामीणों व परिजनों को शीघ्र ही घटना का खुलासा किये जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मीरगंज थाने में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर खोजबीन के लिए तीन टीमें गठित कर दी गई हैं जो अपना काम शुरू कर चुकी हैं।उन्होंने शीघ्र ही अपराधियों के पकड़े जाने का आश्वासन देकर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेंज दिया परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## इफको : नारी सशक्तिकरण से सम्बन्धित मंचन से दर्शक भावविभोर

अखंड भारत संदेश





**फूलपुर।** इफको में सांस्कृतिक महोत्सव के पांचवे दिन पारादीप इकाई की टीम ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल संयुक्त प्रबंध निदेशक एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी राकेश कपूर व उनकी धर्मपत्नी अनीता कपूर एवं विशिष्ट अतिथि पारादीप इकाई प्रमुख के.जे.पटेल व वरिष्ट कार्यकारी निदेशक वाणिज्यक के.एन.जोशी रहे। मुख्य अतिथि राकेश कपूर ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम लोगों के अंदर छुपे हुए हुनर को बाहर उभारने का मंच प्रदान करता है एवं प्रतिभावान लोगों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि इफको कुशल उत्पादन एवं संयुक्त उद्यम में अग्रणी संस्था है जिसका श्रेय इफको प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी जी के नेतृत्व को जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट जनों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। पारादीप टीम द्वारा उडीसा पर्व राजो संक्रांति पर पारंपरिक सामूहिक नृत्य के साथ कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। पारादीप की टीम ने एकल गीत, सम्बलपुरी लोकनृत्य, रंगबाती समूहनृत्य, गरबा रास, ओडिशी मंगलाचरण युगल नृत्य, समूह गान, भारत की विभिन्न संस्कृति पर आधारित समूह नृत्य, मूक कला ₹माइन₹ जो यह संदेश देता है विकास को प्राप्त करने में नैतिकता का पतन नहीं होना चाहिए। विशेष आकर्षण का केंद्र गजल रहा जिसे कुमार सौविक अदिक ने प्रस्तुत किया एवं पुनः सत्याग्रह पर आधारित नाटक रहा जो नारी सशक्तीकरण पर व्यंग करता है क्योंकि महिलाएं आज भी उत्पीडन व शोषण का शिकार है एवं हम महात्मा गांधी के सपनो के भारत को पूरा नहीं कर पाये है। कार्यक्रम का संचालन एस.के.सिंह ने किया। टीम का नेतृत्व अजय वाजपेयी जबकि शुभलक्ष्मी, अलीभा, अरविंद एवं अन्य ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक इफको फूलपुर संजय कुदेशिया, आल इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी, ऑल इंडिया कर्मचारी संघ के महामंत्री बृजेश कुमार, इफको पारादीप ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष शुभाशीष, पारादीप कर्मचारी संघ के महामंत्री राकेश ओझा, संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः संजय वैश्य, एम.डी. मिश्र, ए.पी.राजेन्द्रन, पी.के.सिंह, संजय भंडारी व अन्य संयुक्त महाप्रबंधक उपस्थित रहे विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको फूलपुर आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सोनू तिवारी व महामंत्री स्वयं प्रकाश, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विनय यादव एवं बड़ी संख्या में इफको कर्मचारी सपरिवार कार्यक्रम में उपस्थित रहा।

### भाजपा संयुक्त मोर्चा का सम्मेलन आज

**जंघई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के उपलक्ष्य में भाजपा संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन शनिवार 3 बजे एसएसडी कान्वेंट स्कूल चंपापुर में किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि रमेश चंद्र बिंद सांसद भदोही, विशिष्ट अतिथि निर्मला पासवान विधान परिषद सदस्य एवं ब्लाक प्रमुख प्रतापपुर शैलेश यादव होंगे। भाजपा नेता राजा मौर्या ने बताया कि कार्यक्रम में समस्त मोर्चा के बूथ, मंडल एवं जिला पदाधिकारी एवं नागरिक मौजूद रहेंगे।

### पुरानी रंजिश को लेकर मार पीट, चार पर मुकदमा

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी ने महिला को मार पीट कर घायल कर दिया महिला ने थाने में तहरीर दे कर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के सराय कोरा दांदूपुर गांव निवासनीय सीमा देवी पत्नी राजेंद्र प्रसाद का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसी उसे मारे पीटे तथा जान से मारने की धमकी दिए। सीमा देवी ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर रामशरण,प्रियंका, श्रेता, जूही के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।



## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

**करछना।** थाना क्षेत्र के जगौती में उपस्थित महिलाओं को जागरूक किया गया मिशन शक्ति कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरीशंकर मिश्र जी ने कहा कि समय आ गया है कि हमारी माताओं बहनों को जागरूक होना पड़ेगा आत्मनिर्भर होना स्वावलंबी बनाना अति आवश्यक है अब किसी को भी डरने की आवश्यकता नहीं है महिला-मिशन शक्ति से जुडी। मान्सी सिंह ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मिशन शक्ति के तहत शक्ति मोबाइल महिला हेल्प डेस्क। महिला साइवर सेल की स्थापना की गयी है महिलाओं की सुरक्षा हेतु समय पर काम आने वाला एक मोबाइल नंबर उपलब्ध कराया इस अवसर पर मिशन शक्ति में अपना सम्बोधन देने वालों में सर्व श्री हरिशंकर मिश्रा अखिलेश राय यह आई प्रवीण कुमार पाण्डेय मान्सी सिंह सोनी वर्मा चन्द्रशेखर गाम पधान दीपक पटेल आशा सोनी आ डा कार्य कत्री कान्ती पटेल व गआमसभ की अनेक महिलाओं ने शक्ति मिशन कार्य क्रम में हिस्सा लिया।

## आपकी पुलिस आपके द्वार के तहत कार्यक्रम का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** शुक्रवार को विकासखंड उरुवा के जेवनिया गांव में अभिषेक तिवारी उर्फ ₹टिंकू₹ अधिवक्ता उच्च न्यायालय के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण के मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में करीब 200 ग्रामीण महिलाएं शामिल रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर एसीपी मेजा विमल किशोर मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर थाना अध्यक्ष राजेश उपाध्याय मौजूद रहे। इस दौरान एसीपी मेजा विमल किशोर मिश्रा ने मौजूद महिलाओं को जागरुक करते हुए कहां कि आपकी पुलिस आपके द्वार पर है सबसे ज्यादा पुलिस की आवश्यकता महिलाओं को होती है जिसमें कहीं पति द्वारा, तो राह में चलते मनचलों द्वारा या पारिवारिक विवाद में महिलाओं को प्रताड़ित किया जाता है पति शराब पीकर आता है, दहेज प्रताड़ना आदि तमाम ऐसे मुद्दे हैं जिसमें महिलाओं को परेशान होना पड़ता है। सरकार मिशन शक्ति के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा हेतु महिला सशक्तिकरण जैसी अभियान को आपके द्वार पर लाई है सरकार की महिला हेल्प डेस्क पर किसी भी



प्रकार की समस्या की शिकायत दर्ज कराकर समस्या का समाधान कर सकती हैं। थाना अध्यक्ष राजेश उपाध्याय ने कहा कि महिलाओं को जागरूक होने की आवश्यकता है पुलिस आपके साथ में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। कार्यक्रम के अंत में अभिषेक तिवारी टिंकू अधिवक्ता उच्च न्यायालय ने आए हुए मुख्य अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर चौकी प्रभारी जेवनिया बृजेश तिवारी , राजू पांडे दीपक गौर ,पमपम पाण्डेय सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### जेम पोर्टल पर क्रय किये जाने से सम्बन्धित जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**कौशाम्बी।** जनपद में जेम पोर्टल के माध्यम से खरीददारी करने, जेम पोर्टल पर समय-समय पर हो रहें परिवर्तनों की जानकारी प्रदान करने एवं पोर्टल के प्रयोग में आ रहीं कठिनाइयों के निवारण के लिए राज्य जेम प्रकोष्ठ, लखनऊ द्वारा 16 जून 2023 को कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में मध्यान्ह 12 बजे प्रशिक्षण दिया जायेंग यह जानकारी उपायुक्त उद्योग एस0 सिद्दीकी ने देते हुए जनपद के समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारियों, अध्यक्ष/ सचिव समस्त औद्योगिक/ व्यापारी संगठन एवं समस्त स्थानीय निमार्ता एवं बिक्रेता (जेम) को प्रशिक्षण में समय से प्रतिभाग करने का आग्रह किया है।

## युवा महिलाएं एवं किसान पुन: बनाएंगे मोदी को पीएम : सांसद केसरी देवी

अखंड भारत संदेश




**सहसों।** छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार द्वारा 9 साल बेमिसाल के अंतर्गत विधानसभा फूलपुर के लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता करते हुए अश्विनी कुमार द्विवेदी जिला अध्यक्ष भाजपा गंगापार ने कहा कि आज सारे लोग सरकार द्वारा चलाए जा रहे किसी न किसी लाभ से जुड़े हैं। चाहे वह किसान सम्मान निधि हो या उज्ज्वला योजना हो, पीएम आवास, सीएम आवास, स्वच्छ शौचालय, जन धन योजना सहित आदि जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ भाजपा की सरकार गांव, गरीब, मजदूर, छात्रों, युवाओं, महिलाओं के लिए समर्पित 9 साल बेमिसाल के अंतर्गत सरकार द्वारा सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की योजनाएं चलाई जा रही हैं। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद केसरी देवी पटेल ने सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं एवं देश व प्रदेश में भाजपा सरकार की सुशासन के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा आने वाले 2024 के आम चुनाव में महिलाएं, युवा और किसान ही पुनः केन्द्र में मोदी की ताजपोशी कर प्रधानमंत्री बनाएंगे। मौके पर उपस्थित क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल ने कहा प्रधानमंत्री मोदी की सरकार हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार मुक्त शासन के द्वारा जनता में अपनी अलग पहचान बनाई है। इस लाभार्थी सम्मेलन में स्वयं सहायता समूह को मजबूत बनाने का काम किया है। लाभार्थी सम्मेलन के संयोजक एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने किया । मुख्य रूप से प्रमुख सहसों गीता सिंह, जिला मीडिया प्रभारी बृजेश कुमार त्रिपाठी, संदीप कुमार द्विवेदी, गोपीनाथ स्वर्णकार, आत्मा धर दुबे, दिलीप कुमार निषाद, आलोक कुमार गुप्ता, गुलाब तिवारी, राकेश पटेल, प्रताप बहादुर सिंह, सत्यम मिश्रा, पवन कुमार शुक्ला, शिव नारायण सिंह गप्पू , राजधर द्विवेदी, भूपेन्द्र मिश्रा, सूर्यमणि पांडे, सत्या तिवारी, मंजू मौर्य, के के चौरसिया, लवलेश मिश्रा, पुष्कर सिंह, राजेन्द्र वर्मा, रमेश पटेल, राजेश सरोज, प्रसिद्ध नारायण पांडे, सुभाष मिश्रा, प्रभाकर दुबे, बृजेश पांडे सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अन्य पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियां निःशुल्क ओ-लेवल/सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु 30 जून तक करें आवेदन

**प्रयागराज।** पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियों हेतु निःशुल्क ओ-लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनानान्तर्गत निर्गत नियमावली में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में अन्य पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियों को निःशुल्क ओ-लेवल/ सी0सीसी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु अनलाइन आवेदन निम्नलिखित शर्तों/ प्रतिबन्धों के अनुसार आमंत्रित किया जाता है:-इस योजना के अन्तर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले आवेदक की आय सीमा रू0 1,00,000/- (धनराशि रू0 एक लाख) से अधिक नहीं होनी चाहिए। आय एवं जाति प्रमाण पत्र तहसील स्तर से निर्गत होना चाहिए। कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए (10+2) इण्टरमीडिएट न्यूनतम शैक्षिक अर्हता आवश्यक है।प्रशिक्षणार्थी/आवेदक की उम्र 35 वर्ष से अधिक न हों। इच्छुक अभ्यर्थी पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग उ0प्र0 की वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन दिनांक 30 जून, 2023 तक किया जा सकता है। अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। आनलाइन आवेदन के उपरान्त आवेदन की प्रति की प्रिण्ट आउट प्राप्त कर समस्त अभिलखों/विवरणों (आय/जाति/निवास/आधार कार्ड व अन्य शैक्षिक अभिलेख) को संलग्न करते हुये उसकी हार्ड कॉपी कार्यालय, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, कक्ष सं0 75 विकास भवन, प्रयागराज में दिनांक 30 जून, 2023 को सायं 05:00 बजे तक जमा किया जायेगा।

# डीएम ने की राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक

## जिलाधिकारी ने अभियान चलाकर पांच साल से ऊपर लम्बित राजस्व वादों को निस्तारित किए जाने के दिए निर्देश, शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता ठीक न पाये जाने पर सम्बंधित के विरूद्ध की जायेगी कार्रवाई

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों को राजस्व से सम्बंधित वादों को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए है। साथ ही साथ उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि पांच साल से अधिक के लम्बित राजस्व वादों को अभियान चलाकर निस्तारित किया जाये। जिलाधिकारी ने शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने एवं शिकायतों को समय से निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने यह भी हिदायत दी है कि यदि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता में कमी पायी जायेगी, तो सम्बंधित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने निर्विवादित वरासतों के नामांतरण की कार्रवाई निर्धारित समय सीमा में अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए है। बैठक में जिलाधिकारी ने आडिट आपत्तियों को शीर्ष प्राथमिकता पर तथा लम्बित विभागीय कार्यवाहियों का शीघ्रता से निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने पट्टा आवंटन की कार्यवाही में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता का विशेष ध्यान दिए जाने के लिए कहा है। उन्होंने मानवाधिकार मामलों से सम्बंधित लम्बित प्रकरणों को समय से निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, अपर जिलाधिकारी नजूल प्रदीप कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज, एडीएम आपूर्ति सहित सभी उपजिलाधिकारी, तहसीलदारगणों के अलावा राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# बिजली कटौती से लोगों में भारी आक्रोश, बिजली कर्मियों पर लापरवाही का आरोप

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्बाध विद्युत आपूर्ति के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए बिजली कर्मियों द्वारा बिजली आपूर्ति को बाधित कर मनमाना ढंग से कटौती पर जनता में हाहाकार मचा हुआ है। ऐसे भीषण गर्मी में विद्युत आपूर्ति की कटौती के चलते जहां एक ओर पढ़ने वाले बच्चे, घरेलू उपभोक्ता एवं दुकानदार परेशान हैं तो वहीं धान की नर्सरी के लिए किसान बेहद परेशान हैं। बिजली कटौती के चलते लोग रात में घरों के बाहर परिवार समेत बैठकर जगरता करने पर विवश हैं। मलावां सहसों विद्युत स्टेशन के सहसों, सिंगरामऊ, बसमहुआ, मीरापुर आदि एवं थानापुर विद्युत सबस्टेशन के देवनहरी, रामनाथ पट्टी, भोपतपुर, सेमरी सहित आदि गांव के उपभोक्ताओं में काफी रोष व्याप्त है। इस संबंध में सिंगरामऊ निवासी वरिष्ठ समाजसेवी एवं अधिवक्ता लालजी द्विवेदी तथा देवनहरी गांव निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता एवं कांग्रेसी नेता देवराज उपाध्याय ने विरोध करते हुए कहा कि सरकार एवं विभाग की तरफ से राजस्व बढ़ाने के लिए रात्रि में भी छापेमारी का ऐलान किया गया है। परंतु जहां पर लाखों रुपया बकाया है वहां विभाग या विजिलेंस छापेमारी करने या कनेक्शन काटने नहीं जाती है। परंतु जिस गरीब उपभोक्ता का 5000 भी बकाया है उसका कनेक्शन काट दिया जा रहा है। इस बर्बरता पूर्ण रवैया एवं मनमाना ढंग से बिजली का बिल भेजना कतई जनता को बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने कहा प्रदेश की योगी सरकार उपभोक्ताओं का उत्पीड़न करना बंद करे एवं नियमित आपूर्ति पर ध्यान दें अब जनता भी होशियार हो गई है वरना कर्नाटक का ही हाल यहां भी हो सकता है। अन्य प्रदेशों में वहां की सरकारों द्वारा विद्युत बिल पर राहत दी जा सकती है तो उत्तर प्रदेश में भी राजस्व बढ़ाने के लिए छापेमारी क्यों। जानकारी के अनुसार बिजली विभाग के एक कर्मठ जिम्मेदार कर्मचारी ने बताया कि इस भीषण गर्मी के दिनों में बिजली घरों में लगे ट्रांसफार्मरों के नीचे जमीन सूख गई हैं अगर इन जमीनों पर पानी का छिड़काव करवा कर उसमें शीतलता लाई जाए तो अर्थिंग की समस्या दूर होकर बिजली की ट्रिपलिंग की समस्या दूर हो जाएगी और कटौती में कमी आ सकती है। परंतु विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# नैनी लिंक जंक्शन पर ट्रेन से युवक गिरा नीचे मौत

## बहन की शादी में तमिलनाडु से दोस्त संग आ रहा था भाई, पैर फिसलने पर ट्रेन से गिरा नीचे






अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी लिंक जंक्शन पर ट्रेन से युवक गिरा बहन की शादी में शामिल होने दोस्त के साथ तमिलनाडु से चंदौली लौट रहे युवक की पैर फिसलने से ट्रेन के नीचे आने से मौत हो गई उसके साथ घर लौट रहे दोस्त ने पुलिस और परिवार को सूचना दी। जीआर पी नैनी ने लाश को पोस्टमार्टम हाउस भेजा है चंदौली जनपद के नौगढ थाना अंतर्गत पिपराही गांव निवासी अनिल कुमार (26) पुत्र मेवालाल दो भाई और चार बहनों में छोटा था वह अपने पड़ोसी बिंदलाल के साथ चेन्नई में प्राइवेट काम करता था। उसकी तीसरे नंबर की बहन की शादी है 25 जून को बारात आनी है उसी में शामिल होने के लिए वह बिंदलाल के साथ संघमित्रा एक्सप्रेस से अपने घर जा रहा था शुक्रवार को नैनी रेलवे स्टेशन के पास वह ट्रेन से नीचे गिर गया गंभीर रूप से घायल अनिल कुमार को जब तक अस्पताल ले जाया जाता, उसकी मौत हो चुकी थी नैनी रेलवे स्टेशन पर जब ट्रेन रुकी तो उसका दोस्त बिंदलाल ट्रेन से उतरा और जीआरपी को सूचना दी। अनिल कुमार के शव को कब्जे में लेकर घरवालों को सूचना दी। उसकी मौत से घर में कोहराम मच गया उसके दोस्त बिंद लाल ने बताया कि वह सीट से उठकर शौचालय की तरफ जा रहा था गेट पर भीड़ थी अचानक धक्का लगा और पैर फिसलने से वह नीचे गिर गया।

### बाहुबली विजय मिश्र के भतीजे पर केस दर्ज, मुकदमा वापस न लेने पर युवक को धमकाया

**प्रयागराज।** बाहुबली पूर्व विधायक विजय मिश्र के भतीजे सतीश उर्फ पप्पू मिश्रा पर जार्जटाउन थाने में एक और मुकदमा दर्ज हुआ है। यहां रहने वाले अंकित यादव का आरोप है कि पूर्व में दर्ज एक मुकदमे की पैरवी करने से नाराज पप्पू मिश्रा ने उसे राह चलते रोककर परिवार समेत जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने उसकी तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।अंकित पुत्र मनोज यादव फतेहपुर बिछुआ, टैगोर टाउन का निवासी है। उसने बताया कि मार्च 2021 में उसकी बहन ने सतीश उसकी पत्नी वैशाली व बेटे ऋषभ निवासी अल्लापुर पर जार्जटाउन थाने में मारपीट, गालीगलौज, धमकी देने के आरोप में मुकदमा लिखाया जिसमें सतीश जेल भेजा गया था। कुछ दिनों पहले ही वह जमानत पर बाहर आया है। 13 जून को शाम चार बजे वह अपनी बहन के साथ सीपी शर्मा कोचिंग चौराहे के पास एटीएम से पैसे निकालने गया था। पैसा निकालने के बाद बहन चली गई। तभी अचानक काले रंग की थार गाड़ी आकर रुकी। इसमें सतीश व ऋषभ थे। वह भागा तो उन्होंने उसका पीछा किया। गालीगलौज करते हुए कहा कि अपनी बहन से बोल दो कि मुकदमे की पैरवी छोड़ दे वरना अंजाम बुरा होगा। दोनों उसका पीछा करते हुए बीकानेर स्वीट हाउस तक आए। इस पर जान बचाने के लिए वह गली में घुस गया जिसके बाद आरोपी चले गए। एसीपी कर्नलगंज राजेश यादव ने बताया कि गालीगलौज व धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# किशोर गंगा में डूबा दादी के दाह संस्कार के बाद नहाते समय हुआ हादसा


## अंधेरा होने की वजह से रुका सर्च अभियान



**झूंसी।** गंगा में डूबकर जान गंवाने वालों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार शाम को दादी के अंतिम संस्कार में आया एक 14 वर्षीय किशोर झूंसी थाना क्षेत्र के छतनाग घाट पर गंगा में डूब गया। पता चलने पर पहुंची झूंसी पुलिस ने गोताखोर और जेल पुलिस की मदद से किशोर की खोजबीन शुरू कराई, लेकिन अंधेरा होने की वजह से उसका कुछ पता नहीं चल पाया।गंगानगर के उतरांव थाना अंतर्गत याकूबपुर गांव निवासी मूलचंद की मां मुनराजी देवी (75) की शुक्रवार को मौत हो गई थी। शाम को परिवार के साथ मूलचंद अपनी मां का अंतिम संस्कार करने के लिए झूंसी थाना क्षेत्र के छतनाग घाट पर पहुंचे थे। घाट पर राजी देवी का अंतिम संस्कार करने के बाद सभी लोग बगल में गंगा स्नान करने लगे। स्नान के दौरान मूलचंद का 14 वर्षीय बेटा अभिजीत कुमार गंगा में नहाने लगा। उसके साथ दो तीन लड़के और थे। नहाने के दौरान अभिजीत गहरे पानी में जाकर डूबने लगा, जब तक लोगों की नजर पड़ी वह डूब गया।मां की मौत से गमजदा मूलचंद की आंखों के सामने जब उनका बेटा गंगा में समा गया तो वह बेसुध हो गए। घाट पर मौजूद परिवार और रिश्तेदारों ने उन्हें संभाला। पुलिस को खबर दी गई। पुलिस पहुंची और गोताखोरों को बुलाया। जल पुलिस को सूचना दी गई। खोजबीन शुरू हुई, लेकिन तब तक अंधेरा हो चुका था, जिसकी वजह से उसे खोजा नहीं जा सका।

# सख्त तेवर में सीएमओ, स्वास्थ्य केंद्रों की कर रहे थे समीक्षा, बोले-दे रहा हूं आखिरी चेतावनी

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** प्रयागराज के सीएमओ डॉ. आशु पांडेय शुक्रवार को जूम एप के जरिए स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात कर्मचारियों से वहां की समीक्षा कर रहे थे। प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात बीपीएम, बीपीसीएम, डैम व डेटा इंट्री ऑपरेटर से वहां जानकारी ले रहे थे। उनका फोकस खराब प्रदर्शन वाले स्वास्थ्य केंद्रों पर ही रहा। उन्होंने अनपुस्थित कर्मचारियों को वेतन रोकने का आदेश दिया। सीएमओ ने सख्त तेवर में कहा, सरकार की योजनाओं को पंक्ति में खड़े आखिरी व्यक्ति तक पहुचांना हम सब की जिम्मेदारी है। इसे गंभीरता से लें, क्योंकि कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वह अप्रैल माह की रिपोर्ट पर बात कर रहे थे। लापरवाही करने वाले कर्मचारियों को दी चेतावनी। सीएमओ अप्रैल 2023 के यूपी हेल्थ डैसबोर्ड की समीक्षा में उन कर्मचारियों को सख्त चेतावनी दी जिनकी रैंकिंग कम मिली थी। ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक कौड़िहार अमित कुमार सिंह, बहरिया के बीसीपीएम विवेक कुमार सिंह, कौंधियारा के बीसीपीएम महफूज आलम, सैदाबाद के अनवर आलम, करछना की श्वेता तिवारी, मांडा के आशीष कुमार पांडेय के प्रति नाराजगी जाहिर की। सीएमओ ने कहा, अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोककर उनसे स्पष्टीकरण भी मांगा जाए। बोले, यदि कार्य में सुधार नहीं होता है तो वह दूसरे स्वास्थ्य केंद्र के लिए स्थानानंतरण कर देंगे। ऑनलाइन मीटिंग में ठल्ठट के जिला कार्यक्रम प्रबंधक विनोद कुमार सिंह व अन्य शामिल रहे।

### लुटेरी दुल्हन ने मार्बल व्यापारी से शादी के नाम पर 15 लाख हड़पे, फ्लैट न खरीदने पर शादी से किया इन्कार

**प्रयागराज।** जार्जटाउन में शादी के नाम पर मार्बल व्यापारी इमरान अहमद से 15 लाख रुपये हड़प लिए गए। गहने-नकदी ऐंठने के बाद लुटेरी दुल्हन व उसके परिजनों ने फ्लैट न खरीदने पर दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने को धमकाया। पीड़ित ने युवती व उसके पांच परिजनों को नामजद कराया है। एएन झा मार्ग निवासी भुक्तभोगी ने पुलिस को बताया कि तीन माह पहले जीवनसाथी डॉटकॉम के जरिए उसका संपर्क रूबिना नाज सिद्दीकी निवासी महारानी बाग आश्रम साउथ दिल्ली व मूल निवासिनी सिविल लाइंस बरेली से हुआ। कुछ दिनों बाद उसकी मां फरीना बेगम ने बेटी के निकाह की बात की और एक अन्य बेटी व बेटे समेत घर आकर उसके पिता से मुलाकात की। निकाह का दिन आठ मई मुकर्रर हुआ। लेकिन इसी दौरान युवती व उसकी मां ने भावनात्मक रूप से ब्लैकमेल करना शुरू किया।पिता के न होने व शादी खर्च के लिए रुपये न होने की बात कही। अपनी बातों में फंसाकर कई बार में ऑनलाइन नकदी ले ली। यही नहीं दिल्ली बुलाकर 2.5 लाख के कपड़े खरीदे और गहनों के लिए चार लाख नकद ले लिए। कुल मिलाकर करीब 15 लाख रुपये ले लिए। इसके बाद छह मई को घर आकर 20 लाख की एफडी व तीन कमरे का फ्लैट दिल्ली में युवती के नाम कराने का दबाव डाला। इन्कार पर शादी न करने और उसे दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। जार्जटाउन थानाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह ने बताया कि युवती, उसकी मां के अलावा भांजी व दो बहनों पर केस दर्ज किया गया है।

# दहेज उत्पीड़न में नाम निकालने के भय से पीड़िता ने सीएम सहित उच्च अधिकारियों से की शिकायत

## दहेज को लेकर पति द्वारा सर्विस बुक में नही दर्ज करवाया गया पत्नी का नाम

**सोरांव।** दहेज प्रथा सहित अन्य संगीन धाराओं में दर्ज मुकदमे से विपक्षियों द्वारा विवेचक से मिलकर नाम निकालने की साजिश कर रहे हैं। सूत्रों की सूचना पर पीड़िता ने मुख्यमंत्री सहित पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर मुकदमे से अभियुक्तों का नाम न निकालने की बात कही है। गौरतलब है कि पिछले शुक्रवार को सोराव थाने में पीड़िता उजाला देवी पुत्री रामराज निवासिनी खनीनार थाना सोरांव की शादी 2 साल पहले सिसई सिपाह थाना मऊआइमा निवासी राहुल कुमार पुत्र प्रेम नारायण के साथ हिंदू रीति रिवाज से संपन्न हुई थी। पीड़िता का पति वाणिज्य कर विभाग बनारस में सहायक लिपिक के पद पर कार्यरत है। प्रार्थिनी ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही ससुराल के सास, ससुर, व बड़ी ननद व पति ने दहेज के लिए परेशान करना शुरू कर दिए। तथा दहेज में दस लाख रुपए व एक कार की मांग करने लगे। जिसको लेकर पीड़िता ने अपने मायके में कई बार बताई। लेकिन पीड़िता के माता-पिता की स्थिति दयनीय होने के कारण दहेज देने में असमर्थ रहे लेकिन उधर ससुरालियों ने पीड़िता को परेशान करने से बाज नहीं आ रहे थे। यहां तक कि शादी में दिया गया जेवरात भी सास व ननद ने उतरवा लिए। जिसको लेकर पीड़िता ने 10 जून को सोरांव थाने में तहरीर देकर पति राहुल कुमार, ससुर प्रेम नारायण तथा सास व बड़ी ननद के खिलाफ दहेज प्रथा सहित संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करवा दिया है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। वहीं पीड़िता को अज्ञात लोगों द्वारा जानकारी हुई कि विपक्षी ने विवेचक से मिलीभगत करके मुकदमे में दर्ज कुछ लोगों के नाम निकलवाना चाहते हैं। इसको लेकर शुक्रवार को पीड़िता ने मुख्यमंत्री सहित विभाग के उच्चाधिकारियों के चौखट पर हाजिर होकर शिकायती पत्र दिया है।

### ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर भगाया, चचेरी बहन व मौसी ने 80 हजार रुपये ऑनलाइन दे चुके हैं

मऊआइमा। दहेज मे चार पहिया वाहन और दस लाख रुपया न मिलने तथा लडकी पैदा होने पर दहेज लोभी ससुरालियों ने मासूम बच्ची को फेंक कर विवाहिता को मार पीट कर भगा दिए।विवाहिता ने थाने में तहरीर दे कर आठ लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के निहाल सिंह का पूरवा कल्याणपुर गांव निवासनीय नम्रता सिंह पुत्री वीरेंन्द्र प्रताप सिंह की शादी 18 मई 2019 को ग्राम परसनी पटटी थाना कन्हाई प्रतापगढ़ निवासी आशीष प्रताप सिंह पुत्र राजेंद्र बहादुर सिंह के साथ हुई थी। बताया गया है कि अपनी हैशियत से कहीं अधिक दान दक्षिणा देकर बेटी की मयके वाले ने बिदा किए। नम्रता सिंह का आरोप है कि शादी के बाद से ससुराली उससे दहेज में दस लाख और कार की मांग करने लगे। जबकि उसकी चचेरी बहन अंजुला सिंह और मौसी मधु सिंह अस्सी हजार रुपये ऑन लाईन पैसा ससुरालियों को दिए। बावजूद इसके दहेज लोभी ससुरालियों के मांग में कोई कमी नहीं आयी। बेटी पैदा होने पर ससुरालियों ने उसके ऊपर और जुल्म करने लगे। एक दिन बेटी को फेंक कर उसे मार पीट कर भगा दिए। नम्रता सिंह ने मऊआइमा थाने में पति शशि प्रताप सिंह, ससुर राजेंद्र बहादुर सिंह ,जेठ अरविन्द सिंह ,जेठानी कंचन सिंह ,सास उर्मिला सिंह, चचिया सास ऊषा सिंह ,ननद रोशनी सिंह ,राजेश सिंह पुत्र राम प्रताप सिंह गाजीपुर संग्रामपुर अमेठी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न मार पीट जान से मारने धमकी आदि की धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# जनसभा की तैयारियों को लेकर सांसद ने मेजा में की बैठक

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** शुक्रवार को ब्लॉक मेजा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा सुशासन के 9 वर्ष की उपलब्धियों के संदर्भ में 19 जून को करेहा करछना में आयोजित होने वाली जनसभा के लिए ग्राम प्रधानों एवं कार्यकताओं की अति आवश्यक बैठक हुई। जिसमें प्रयागराज की लोकप्रिय सांसद प्रोफेसर रीता बहुगुणा जोशी मुख्य अतिथि के रूप में रही। साथ में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। बैठक में सांसद ने क्षेत्र के सभी कार्यकताओं व समर्थकों से आगामी 19 जून को करेगा में होने वाली जनसभा में भारी से भारी संख्या में पहुंचने की अपील की।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने नौ वर्षों के शासनकाल में जिस प्रकार से विकास के काम किए हैं वह दुनिया में उदाहरण हैं। केंद्र सरकार गांव, गरीब, शोषित एवं बच्चों के कल्याण के लिए समर्पित है, यही कारण है कि देश का गौरव विश्व पटल पर लगातार बढ़ रहा है। देशवासी सांस्कृतिक विरासत को प्राथमिकता के आधार पर प्रतिस्थापित होते हुए देख रहे हैं।केंद्र सरकार आधारभूत संरचना को मजबूत करते हुए नए भारत के सपने को साकार कर रही है। उन्होंने कहा कि 19 जून को होने वाले कार्यक्रम को बूथ स्तर पर लोगों को जागरूक कर जनसभा में लोगों को ले चलने के लिए प्रेरित किया है।सांसद ने लगातार क्षेत्र में बैठक कर जनसभा में भारी से भारी संख्या में पहुंचने की अपील कर रही हैं।इसी क्रम में कोहड़ार,सिरसा के अलावा कई जगहों पर बैठक की। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व जिला पंचायत सदस्य अवधेश शुक्ल,डा भगवत पांडे, आशीष मिश्रा,संत प्रसाद पांडेय, राजेश तिवारी, बंश बहादुर पांडे,पूर्व जिलाअध्यक्ष यमुनापार शिवदत्त पटेल,पूर्व मंडल अध्यक्ष अश्विनी जैन,राजू दुबे, बदऊ भैया,सेक्टर संयोजक पवन तिवारी आचार्य,संजय केशरी,माला शर्मा ,शरद तिवारी ,नेता केशरी और प्रधान संघ के जिला प्रभारी प्रधान गडेवरा अनिल शुक्ला प्रधान कोहडार,प्रधान इसौटा, प्रधान हरदिहा,प्रधान मई ,पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं प्रधान शाहपुर,पूर्व प्रधान भटौती आदि लोग उपस्थित रहे।

# शमशान घाट पर बन रही पानी की टंकी के खिलाफ जनहित यचिका पर सरकार से गई विस्तृत जानकारी तलब

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शमशान घाट पर पानी की टंकी के निर्माण कार्य से आक्रोशित ग्रामीणों की जनहित याचिका पर उच्च न्यायालय ने सरकार से विस्तृत जानकारी तलब की है। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की अदालत याची राकेश की जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही है। याची के अधिवक्ता निपुन सिंह का कहना था कि केन्द्र सरकार की योजना के तहत राज्य सरकार शामली जिले के कसेरूआ खुर्द गांव में स्थित शमशान घाट पर पानी की टंकी का निर्माण करवा रही है, जिसको ले कर ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि शमशान घाट पर अंतिम सस्कार के अपशिष्टद से पेयजल दूषित होगा, साथ ही ग्रामीणों की भावनायें भी आहत हो रही है। याची के अधिवक्ता का कहना था कि पानी की टंकी का नवनिर्माण शमशान घाट के अतिरिक्त जनहित में ग्रामीणों द्वारा सुझायें गये किसी भी स्थान पर कर दिया जाये। केन्द्र सरकार के स्थायी अधिवक्ता ने बताया कि केन्द्र सरकार की योजना के तहत निर्मित पानी की टंकी का निर्माण अंतिम संस्कार वाले स्थल से दूर ही किया जा रहा है। जनहित में पानी की टंकी का निर्माण किया जाना जिस जगह पर प्रस्तावित है, उसके अतिरिक्त कोई स्थान उपलब्ध नहीं है। ग्रामीणों के विरोध और इस याचिका के निर्णय के इंतजार में निर्माण कार्य ठप्प पड़ा है। कोर्ट ने ग्रामीणों के विरोध और याची द्वारा सुझायें स्थानों के आलोक में राज्य सरकार से नई विस्तृत जानकारी दस जुलाई तक तलब की है।

### गौवंशी शवों के निस्तारण में हीलाहवाली के आरोपी वीडीओ के निलंबन पर रोक

**प्रयागराज।** हाईकोर्ट ने गौवंशी पशुओं के शवों का विधिवत निस्तारण न करने के आरोप में निलंबित ग्राम विकास अधिकारी के निलंबन आदेश पर रोक लगाते हुए सरकार से चार सप्ताह में जवाब तलब किया है। यह आदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र ने याची ग्राम विकास अधिकारी यशपाल सिंह द्वारा निलंबन आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर दियामामला हाथरस जिले के विकास खण्ड मुरसान के अंतर्गत स्थित माधव अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल गौजिया का है। गौवंशिय पशुओं के शवों के विधिवत निस्तारण न होने की शिकायत पर मुख्य विकास अधिकारी हाथरस द्वारा गठित जांच टीम की संस्तुति पर ग्राम विकास अधिकारी यशपाल सिंह को निलंबित कर दिया गया था। याची निलंबित ग्राम विकाय अधिकारी ने निलंबन आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी। याची के अधिवक्ता का कहना था कि दो जनवरी २०१९ के शासनदेश द्वारा गोवंश आश्रय स्थल पर पशुओं के खान - पान की व्यवस्था, गोबर को एकत्र करने, दूध निकालने, हरा चारा काटने और साफ-सफाई की व्यवस्था करने का दायित्व याची को दिया गया है। पशुओं के शवों के विधिवत निस्तारण और उनके स्वास्थय परीक्षण आदि की जिम्मेदारी पशुपालन विभाग को सौंपी गयी है। इसलिए याची का निलंबन आदेश अवैधानिक और मनमाना है।

# 18 जून को चलेगी गुवाहाटी-बेंगलुरू स्पेशल ट्रेन

अखंड भारत संदेश

## छिवकी रेलवे स्टेशन पर होगा ठहराव, यात्रियों की सुविधा के लिए लिया गया निर्णय

**प्रयागराज।** गुवाहाटी से बेंगलुरू के स्पेशल ट्रेन चलााया जा रहा है। यह ट्रेन (गाड़ी संख्या 05698) 18 जून को गुवाहाटी रेलवे स्टेशन से रवाना होगी जो 21 जून को दोपहर बाद बेंगलुरू स्टेशन पर पहुंच जाएगी। इस ट्रेन के चलने से प्रयागराज व आसपास के यात्रियों को राहत मिलेगी, दरअसल प्रयागराज के छिवकी रेलवे स्टेशन पर इस ट्रेन का ठहराव पांच मिनट के लिए होगा। उत्तर मध्य रेलवे के सीपीआरओ (मुख्य जनसंपर्क अधिकारी) हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि यह वन-वे ट्रेन है यानी गुवाहाटी से सिर्फ बेंगलुरू तक जाएगी, इसकी वापसी फिर गुवाहाटी नहीं होगी।

**जानिए, किस स्टेशन पर होगा ठहराव :** सीपीआरओ ने बताया कि यह स्पेशल ट्रेन 18 जून को रात 11:10 बजे रवाना होगी। यह कामख्या, धूपगुड़ी, न्यू जलपाईगुड़ी, किशनगंज, बरौनी जंक्शन, पाटिलपुत्र, आरा, बक्सर होते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते 19 जून को रात 11:40 बजे प्रयागराज के छिवकी स्टेशन पर पहुंचेगी। यहां इस ट्रेन का पांच मिनट ठहराव होगा। यहां से सीधे सतना, कटनी,जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जंक्शन, नागपुर, विजयवाड़ा जंक्शन समेत अन्य स्टेशनों रूकते हुए 20 जून मंगलवार को शाम 3:30 बजे बेंगलुरू स्टेशन पर पहुंच जाएगी।इस ट्रेन में सामान्य श्रेणी के आठ, सामान्य श्रेणी के सात व थर्ड एसी के एक डिब्बे होंगे।

# हीरागंज को आदर्श नगर पंचायत बनाया जाएगा: विनोद सोनकर

## हीरागंज में आयोजित लाभार्थी सम्मेलन में बोले सांसद

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** केंद्र की मोदी सरकार ने हर वर्ग के विकास के लिए अनेकों योजनाएं चलाई। जिससे आज सीधे-सीधे लाभार्थी को लाभ मिल रहा है। उक्त बातें नगर पंचायत हीरागंज में आयोजित लाभार्थी सम्मेलन में कौशाम्बी लोकसभा के जनप्रिय सांसद, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव,संसदीय आचार समिति लोकसभा के चेयरमैन, दादरा नगर हवेली एवं दमन दीव के प्रभारी विनोद सोनकर ने बतौर मुख्य अतिथि कही।

सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि मोदी सरकार ने नौ वर्ष में ऐतिहासिक विकास कार्य किए। आज देश ही विदेशों में भी प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने भारत का सम्मान बढ़ाया है। आज पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है। भारत विश्वगुरू की ओर अग्रसर है। हीरागंज में भाजपा प्रत्याशी को ऐतिहासिक विजय मिलने पर सांसद ने बधाई देते हुए हीरागंज नगर पंचायत के मतदाताओं के प्रति आभार प्रकट किया। सांसद ने चैमरमैन के साथ सभी सभासदो को माला पहना कर एवं अंगवस्त्रम से सम्मानित किया। भाजपा नेता उदय शंकर पाण्डेय ने हीरागंज को आदर्श नगर पंचायत बनाने की मांग सांसद से की। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत कौशांबी की अध्यक्ष कल्पना सोनकर ने कहा कि मोदी सरकार ने बिना भेदभाव के समाज के हर वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए अनेकों योजनाएं चलाई। जिससे आज हर वर्ग के लोग लाभान्वित हुए। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्र ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने नौ वर्ष में अनेकों योजनाएं चलाई। सरकार के नौ साल बेमिसाल है। मोदी सरकार में देश की सीमाएं सुरक्षित है। कार्यक्रम के बाद टिफिन बैठक आयोजित हुई। भाजपा के पदाधिकारी सांसद के साथ जमीन में बैठकर अपने अपने घरों से लाए भोजन को एक साथ खाएं। इस दौरान कई बिंदुओं पर एक दूसरे से चर्चा हुई। कार्यक्रम में जिला महामंत्री पूर्व प्रत्याशी पवन गौतम, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, चेयरमैन सुरेखा सरोज, चेयरमैन प्रतिनिधि उदय शंकर पाण्डेय, पूर्व प्रमुख जितेन्द्र सोनकर, योगेन्द्र नाथ मिश्र मौला, ओम प्रकाश पासी, आशुतोष मणि द्विवेदी, ज्ञानेन्द्र मौर्य, अशोक मिश्र, अमर जीत सिंह, मयंक तिवारी, सरोज तिवारी, प्रधान सूरज शुक्ल, ज्ञान चंद्र यादव फौजी, अर्श मोहम्मद, हंसराज मिश्र, शिवाकांत पाण्डेय, गुड्डू पाण्डेय, दिनेश मणि त्रिपाठी, जितेन्द्र तिवारी, सिद्दार्थ शुक्ल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



लाभार्थी सम्मेलन में बोलते सांसद विनोद सोनकर।

# उपजिलाधिकारी लालगंज के खिलाफ गरजे जूबाए अधिवक्ता

## एसडीएम के स्थानांतरण की उठाई मांग

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जूनियर बार एसो. (पुरा.) कार्यालय पर अधिवक्ताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता इंदुभाल मिश्र व संचालन संतोष नारायण मिश्र ने किया। बैठक में उपजिलाधिकारी लालगंज द्वारा किए जा रहे गैर कानूनी कार्य, भ्रष्टाचार एवं अधिवक्ता विरोधी कार्यों में अधिवक्ता समाज, वादकारी पीड़ित हैं,जिसकी घोर भत्र्सना की गई।

पूर्व में लालगंज उपजिलाधिकारी के विरुद्ध की गई शिकायत एवं उनके स्थानांतरण की मांग पर अभी तक कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई, जिससे जनपद के अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है, और संगठन द्वारा उपजिलाधिकारी लालगंज के न्यायालय का बहिष्कार किया जा रहा है। अधिवक्ताओं ने कहा कि यदि उपजिलाधिकारी लालगंज का तत्काल स्थानांतरण, उनके द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा, और भ्रष्टाचार में संलिप्तता की उच्च स्तरीय जांच एवं कार्यवाही अविलंब नहीं की गई तो अधिवक्ता आंदोलन को बाध्य होंगे। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

बैठक में जूनियर बार उपाध्यक्ष शिव प्रकाश मिश्र, राघवेंद्र सिंह, जितेंद्र सैनी,संतोष पाण्डेय, सर्वेश शुक्ल, बागिश मिश्र, अजय त्रिपाठी, शिवाकांत पांडे, योगेश शुक्ल, संजय मिश्र, राम गोपाल तिवारी, नीरज ओझा, ममता पांडे, मयंक शेखर मिश्र, ऋषिकांत शुक्ल, अजीत ओझा, महेश यादव, आशिफ सिद्दीकी एवं तमाम अधिवक्ता उपस्थित रहे।



एसडीएम लालगंज के खिलाफ नारेबाजी करते जूबाए अधिवक्ता।



जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी को सम्मानित करते चिकित्सक।

## जनसत्ता युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष को किया गया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** विश्व रक्तदाता दिवस पर राजा प्रताप बहादुर चिकित्सालय प्रतापगढ़ में चिकित्सा विभाग द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजन करने के लिए जनसत्ता युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दिनेश तिवारी को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सुरेश सिंह, वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर मनोज खत्री एवं रक्त केंद्र प्रभारी डॉ दीपिका केसरवानी प्रभारी ने उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए सम्मान पत्र एवं सम्मान प्रतीक प्रदान किया गया। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के स्थापना दिवस 30 नवंबर पर जनसत्ता दल युवा प्रकोष्ठ ने जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी के नेतृत्व में राज चिकित्सालय में अपने पदाधिकारियों के साथ शिविर लगाकर रक्तदान किया था। इस दौरान अनुराग सिंह, प्रतीक सिंह, सक्रिय सदस्य रमेश गौतम, नि. सदर ब्लॉक अध्यक्ष (यश) एवं युवा जिला मीडिया प्रभारी वीरू आदि मौजूद रहे।

# मनमानी: प्लेटफार्म पर नही आई काशी ट्रेन, नाले में उतरे मुसाफिर

## काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस ट्रेन के मुसाफिरों की हुई भारी परेशाानी, काशी के लिए प्लेटफार्म दो है निर्धारित, पांच नंबर लाइन में आई थी ट्रेन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** स्थानीय रेल प्रशासन का खासकर ट्रेनों के संचालन से जुड़ा विभाग अपनी उलूल जुलुल हरकतों से सुर्खियों में बने रहने का आदी बनता जा रहा है। गुरूवार रात को भी कुछ लोगों ने कुछ ऐसा क्या जो सुर्खियां बना।

हुआ यूं कि मंडुवाडीह जा रही काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस (15128) प्रतापगढ़ में प्लेटफॉर्म पर ही नहीं आई। बल्कि वह कोचिंग लाइन नंबर पांच (तीन और चार नम्बर प्लेटफार्म के बीच) पर धड़धड़ाते पहुंच गई। इसके प्लेटफार्म की बजाय वाशिंग लाइन की पहचान बनी लाइन नम्बर पांच पर आने से यात्रियों को रात के अंधेरे में नाले, नालियों कीचड़ और दलदल के बीच होकर चढ़ना और उतरना पड़ा। जिसमें इन्हें जान और माल दोनो का जोखिम उठाना पड़ा। उच्च अधिकारियों ने इस मामले को संज्ञान में लिया है। प्रथम दृष्टया इसे लापरवाही माना है। एडीआरएम ने पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं। जिसमें दोषी कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने के संकेत मिले हैं। बता दें कि काशी विश्वनाथ वीआईपी ट्रेनों में शुमार है। जिस पर रेलवे बोर्ड की विशेष निगाह रहती है। सुरक्षा, संरक्षा और परिचालन को लेकर अफसर हर समय सतर्क रहते हैं, उसी ट्रेन के यात्रियों के साथ खिलवाड़ किया गया। रात में उन्हें चढ़ने और उतरने के लिए प्लेटफार्म भी नहीं दिया जा सका। काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस ट्रेन के लिए प्लेटफार्म दो निर्धारित है। इमरजेंसी में प्लेटफार्म में परिवर्तन किया जा सकता है। लेकिन गुरुवार की रात को ऐसी कौन सी इमरजेंसी थी कि यात्रियों को बिना प्लेटफार्म के उतरना पड़ा। यह यहां के अफसर ही बता सकते हैं। जो मुंह नहीं खोल रहे हैं।



पांच नम्बर प्लेटफार्म के बगल जमा नाले का पानी।

### काशी को मालगाड़ी समझने की भूल कर बैठे कर्मचारी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि उस समय चिलबिला की तरफ से मालगाड़ी आनी थी। उसको प्रतापगढ़ में कोचिंग लाइन नंबर पांच में आना था। उसका लाइन भी हो गया था। लेकिन उसके स्थान पर काशी विश्वनाथ आ गई। यह देखकर कर्मचारी चैंक गए। लेकिन कर भी क्या सकते थे। हालांकि यह परिचालन विभाग की एक बड़ी चूक मानी जा रही है।

प्रथम दृष्टया इसे लापरवाही माना है। एडीआरएम ने पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं। जिसमें दोषी कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने के संकेत मिले हैं।

### कंट्रोलर और टीआई जिम्मेदार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** इस तरह को अगर कोई लापरवाही होती है तो बाकियों के साथ साथ कंट्रोलर और यहां के टीआई( यातायात निरीक्षक) भी इसके जिम्मेदार हैं। ये दोनो जो कहते हैं स्टेशन मास्टर उसका पालन करता है। टीआई से पूछा गया तो वे मामले से ही पल्ला झाड़ लिए। बोले पता नहीं है। एसएस का फोन नहीं उठा।

### क्या कहते हैं एडीआरएम

**प्रतापगढ़।** इस बारे में लखनऊ मंडल के परिचालन विभाग के एडीआरएम अश्वनी श्रीवास्तव का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में है। कहीं न कहीं गलती हुई है। सच्चाई जानने के लिए मामले की पड़ताल करवा रहे हैं। जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## एलायंस क्लब के प्रयास से कैंसर पीड़ित का शुरू हुआ इलाज

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** वृद्धाश्रम में रह रहे प्रवासी बाबा राम कुमार जो कैंसर से पीड़ित थे। वृद्धाश्रम भ्रमण के दौरान यह जानकारी क्लब के डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य को हुई। क्लब के पदाधिकारीयो एवं वृद्धाश्रम के प्रबंधक अंबिका प्रसाद ने इलाज शुरू कराया लेकिन डॉक्टर ने इलाज में अधिक खर्च बताया था। जिसके लिए क्लब ने पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी एवं सांसद संगम लाल गुप्ता से पीड़ित रामकुमार दादा का इलाज जिले स्तर से अथवा शासन स्तर से कराने का अनुरोध किया था। जिलाधिकारी एवं सांसद ने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री राहत कोष से कैंसर पीड़ित रामकुमार दादा के इलाज के लिए धनराशि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था जिस के क्रम में मुख्यमंत्री ने एक लाख 90 हजार की धनराशि कमला नेहरू अस्पताल प्रयागराज को भेज दी है और कैंसर पीड़ित रामकुमार दादा का इलाज भी शुरू हो गया है। इससे एलायंस क्लब का प्रयास सफल माना जा रहा है। यह जानकारी क्लब के डायरेक्टर रोषनलाल उमरवैष्य ने दी।

## आपत्तियों का निस्तारण 20 जून तक

**प्रतापगढ़।** मुख्य चिकित्साधिकारी ने जनपद के संचालक, निजी चिकित्सा संस्थान को सूचित किया है कि जिन्होने अपने चिकित्सा संस्थान का नवीनीकरण/ पंजीकरण हेतु आवेदन किया है परन्तु उचित अभिलेख उपलब्ध न कराने के कारण आपत्तियाँ लगायी गयी है और अभी तक उचित अभिलेख पोर्टल पर अपलोड कर आपत्तियों का निस्तारण नहीं किया गया है, उन्हें पुनः एक अन्तिम अवसर दिया जाता है कि वह 20 जून 2023 तक आपत्तियों का निस्तारण कर दें, अन्यथा आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा और आपका चिकित्सा संस्थान अपंजीकृत मानते हुये नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी। अब नवीनीकरण हेतु किया गया कोई भी आवेदन मान्य नही होगा।

# जिला कारागार में निरूद्ध बन्दियों व अन्य स्थलों पर योगाभ्यास कराया गया

## प्रात: सात बजे से आठ बजे तक हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के दृष्टिगत उ0प्र0 सरकार द्वारा 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह मनाये जाने का निर्णय लिया गया है जिसके क्रम में जिला कारागार प्रतापगढ़ में निरूद्ध बंदियों के स्वास्थ्य में सत सुधार हेतु पूर्व से संचालित योग एवं ध्यान सम्बन्धी कार्यक्रमों की श्रृंखला में 15 जून से 21 जून तक पतंजलि योग समिति प्रतापगढ़ एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वाधान में योग सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। योग सप्ताह कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति एवं आयुष विभाग के प्रशिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में कारागार के अधिकारियों/ कर्मचारियों एवं बंदियों द्वारा बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया गया।

कारागार में महिला एवं पुरूष बंदियों के लिये पृथक-पृथक योग कार्यक्रम आयोजित किये गये। योग कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति एवं आयुष विभाग के प्रशिक्षक यजुवेन्द्र सिंह, देवाशीष चैरसिया, रमेश पटेल, पंकज सिंह, धीरज उपाध्याय, अनामिका उपाध्याय, आकांक्षा सिंह, चेतना मिश्रा, सुमन सिंह, रश्मि द्वारा नियमित रूप से प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक योगाभ्यास कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त समस्त आयुष हेल्थवेलनेश सेन्टर/योग वेलनेश सेन्टर, डायट संस्थान व बेल्हा देवी परिसर में भी योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अधिक से अधिक संख्या में लोगों ने योग किया।

## आयुष विभाग द्वारा वृद्धाश्रम में हुआ योगाभ्यास

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** डा0 भरत नायक एवं डा अवनीश पाण्डेय ने महुली स्थित वृद्धाश्रम में पहुंचकर योगाभ्यास कराया व दिनचर्या स्वस्थ वृत्त विज्ञान के बारे में जानकारी दी। डा0 भरत नायक ने बुजुर्गों के लिए उपयोगी सूक्ष्म चल व्यायाम, त्रिकोणासन, पवन मुक्तसन, हलासन, मकरासन, भुजंगासन, वज्रासन, अनुलोम विलोम, प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए आसनो के लाभ बताए। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय रामापुर के चिकित्साधिकारी डा अवनीश पाण्डेय ने बताया कि विशेष तौर पर 50 साल से अधिक की आयु वाले लोगों के लिए नियमित अभ्यास कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का कम करने में सहायक माना जाता है। योग हमें शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य भी प्रदान करता है। वह हमारे शरीर को रोगमुक्त रखता है। इसके साथ-साथ वृद्धजनों को तनाव मुक्त रहने की विधि, प्राणायाम व हास्य आसन के की जानकारी दी गई। सामूहिक योग अभ्यास में 65 वृद्धजन शामिल हुए।



वृद्धाश्रम में योगाभ्यास करते आयुष विभाग के पदाधिकारी।

## उच्च न्यायालय के आदेश के एक साल बाद भी नाले से नहीं हटाया गया अतिक्रमण

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जनहित याचिका के मामले में उच्च न्यायालय द्वारा नाले पर अतिक्रमण हटाने के आदेश के एक साल बाद भी अभी भी अतिक्रमण हटाया नहीं गया। तहसीलदार ने नोटिस जारी करके औपचारिकताएं पूरी कर ली लेकिन उच्च न्यायालय के आदेश की धज्जियां अभी भी उड़ाई जा रही है, जिसके संबंध में सभी प्रशासनिक अधिकारी मौन है। पट्टी तहसील क्षेत्र के असुढी ग्राम में एक युवक द्वारा नाले पर अवैध अतिक्रमण करके मकान निर्माण कर लिया गया था, जिस के संबंध में गांव के रहने वाले संतोष पांडे पुत्र अभय राज पांडे ने पहले तो तहसील स्तर पर तथा जिला स्तर पर कई प्रार्थना पत्र दिया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। उसके बाद संतोष पांडे ने ग्रामसभा बनाम हरिशंकर पाठक नाम से एक जनहित याचिका उच्च न्यायालय में दाखिल किया था। 24 मई 2022 को उच्च न्यायालय ने अतिक्रमण हटाने का आदेश दो महीने के भीतर दिया था। तहसीलदार मौके पर पहुंचकर प्रतिवादी को नोटिस पकड़ा दिया लेकिन उसके बाद उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराने की सुध नहीं ली गई। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर जब उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना की जा रही है तो भला प्रशासनिक अधिकारियों के आदेश को भला कैसे पालन कराया जा सकता है।

## आधे शहर में तीन घंटे रहा बिजली-पानी का संकट

**प्रतापगढ़।** शहर के बाबागंज विद्युत उपकेन्द्र में आई गड़बड़ी के चलते शुक्रवार को सुबह नौ बजे से लेकर साढे. बारह बजे तक विद्युत आपूर्ति ठप रही। इससे लोग भीषण गर्मी में बिजली-पानी के लिये परेषान रहे। बता दें कि शहर में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति प्रायः लोकल फाल्ट के कारण पूरी नहीं मिल पा रही है। इन दिनों हर रोज दो-चार घंटे शहर में व गांव में पांच-छह घंटे विद्युत कटौती की जा रही है। बता दें कि शहर में अधिकांष मोहल्लों में आज भी जर्जर तारों से विद्युत आपूर्ति की जा रही है। शासन के निर्देष पर कुछ मोहल्लों में केबिल लगाये गये हैं। इसमें फाल्ट कम होता है लेकिन अभी शहर के कई मोहल्लों में जर्जर तारों से आपूर्ति होती है जो हवा चलने पर टूटकर जर्जर तार गिर जाते हैं। इन दिनों तो अधिक लोड होने के कारण ट्रांसफार्मर भी फुंक रहे हैं। इस बारे में पूछने पर अवर अभियंता बाबागंज ने बताया कि आज बाबागंज उपकेन्द्र में कुछ पाट्र्स जल गये थे जिन्हें बदलने के लिये विद्युत आपूर्ति ठप की गई थी।

# गिरफ्तारी और आर्थिक सहायता की मांग पर अड़े परिजन, पोस्टमार्टम की रिपोर्ट पर उठाए सवाल

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली थाना क्षेत्र के रानीगंज कैथौला गांव में महिला की हत्या के मामले में परिजन आर्थिक सहायता तथा आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर खड़े हुए हैं तथा लाश के अंतिम संस्कार से इंकार कर दिया है। शुक्रवार की सुबह लालगंज कोतवाल तथा सीओ मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाया बुझाया लेकिन कोई भी फायदा नहीं हुआ परिजन अपनी मांग पर अड़े हुए बीते 10 जून रानीगंज कैथौला गांव की सरलेश जायसवाल का किरायेदार राकेश सिंह से विवाद हुआ जिसके बाद राकेश अपने परिजनों व सहयोगियों के साथ मिलकर सरलेश को मारा पीटा जिससे सरलेश को काफी चोटे आई, परिजन सरलेश जायसवाल को लेकर अस्पताल का गुरुवार को पिटाई के कारण सरलेश जायसवाल की मौत हो गई । मृतका के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने 4 लोगों को विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया मामले के बाद महिला के पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए परिजनों ने शव का दाह संस्कार करने से मना कर दिया।

### पुलिस ने दर्ज किया गैर इरादतन हत्या का मामला

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज थाना क्षेत्र के रानीगंज कैथौला गांव में सरलेश जायसवाल की हत्या के मामले में मृतका के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने हत्या के बजाय गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है लोगों में इस बात का सवाल है कि आखिर जब तहरीर में मारपीट करके हत्या की बात कही गई है तो फिर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला क्यो दर्ज किया है। कहीं पुलिस आरोपियों को बचाने के लिए कोशिश तो नहीं कर रही है। वहीं परिजन शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया है।

## भारत सिंह इंटर कालेज के पूर्व छात्रों ने नीट में हासिल की सफलता

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** भारत सिंह इंटर कालेज के दो छात्रों ने सफलता अर्जित की, दोनों ही बच्चों अजय वर्मा एवं अमर सिंह पटेल को एम०बी०बी०एस० मिला है। जहां विद्यालय के अजय वर्मा ने आल इंडिया 3853 रैंक ला कर विद्यालय का मान बढ़ाया इसी क्रम में नगर स्थित भारत सिंह इंटर कालेज के ही छात्र अमर सिंह पटेल ने भी नीट परीक्षा में झंडा गाड़ दिया है,उन्हें आल इंडिया 17833वीं रैंक प्राप्त हुई है। लगातार मिल रही सफलता से विद्यालय परिवार सहित पूरे क्षेत्र में अपार खुशी है। प्रबंधक निदेशक व अधिवक्ता उच्च न्यायालय वीर शिवम सिंह दोनो बच्चों का मुंह मीठा करा कर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी और कहा कि विद्यालय के सुयोग्य, सुशिक्षित व कर्मठ शिक्षकों की लगातार अथक मेहनत है जो बच्चे ग्रामीण अंचल से निकलकर प्रतियोगी परीक्षाओं में अपना परचम लहरा रहे हैं।

अखंड भारत संदेश

# कौशाम्बी संदेश



## खबर संक्षेप

### महाविद्यालय भरवारी में शुरू हुई शास्त्री और आचार्य की परीक्षाएं

**16 से 29 जून तक दो पालियों में होगी परीक्षा**

**कौशाम्बी** जिले के भरवारी स्थित हुबलाल संस्कृत महाविद्यालय में शास्त्री और आचार्य की परीक्षाएं शुक्रवार से शुरू हो गई है,यह परीक्षाएं 16 जून से लेकर 29 जून तक चलेंगी।यह परीक्षा सुबह 7-10 और दोपहर में 2-5 बजे तक दो पालियों में संपन्न होगी। 15 दिनों तक चलने वाली शास्त्री और आचार्य की परीक्षा में दो पालियों में लगभग 100 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे है,परीक्षा की पूरी तैयारी कालेज प्रशासन ने कर रखी है।पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच शास्त्री और आचार्य की परीक्षा संपन्न कराई जा रही है।

### बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लेकर की गई विधिक कार्यवाही

**कौशाम्बी** थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लेकर विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय किशोर न्याय बोर्ड भेज दिया है।

# यमुना में नहाने गए दो सगे और एक चचेरा भाई नदी में डूबे तीनो की मौत

**काफी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने नदी में डूब रहे एक युवक को बचाया**

अखंड भारत संदेश





**कौशाम्बी।** पिपरी क्षेत्र के सेउढ़ा घाट पर शुक्रवार दोपहर को यमुना में स्नान करने गए दो सगे भाई और एक चचेरे भाई अपने एक अन्य साथी के साथ स्नान करते समय युवक नदी में डूब गए गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद एक युवक को बाहर निकाला लेकिन तीन की मौत हो गई काफी प्रयास के बाद एक किशोर को बचा लिया गया। नदी में तीन युवकों के डूबने की जानकारी मिलते ही मौके पर तमाम लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई बचाव एवं राहत कार्य शुरू हो गए मामले की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस भी मौके पर पहुंची जैसे ही मामले की जानकारी परिजनों को मिली परिवार में कोहराम मच गया।

घटनाक्रम के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के सेवड़ा गांव निवासी फूलचंद और लालचंद्र दो सगे भाई हैं शुक्रवार को लालचंद के दो बेटे मोहित 20 वर्ष और रोहित 22 वर्ष अपने चचेरे भाई सूरज उम्र 18 वर्ष और एक साथी निकेश उम्र 18 वर्ष के साथ यमुना नदी में स्नान करने गए थे इसी बीच एक युवक के डूबने पर तीनो युवक उसे बचाने के लिए आगे बढ़े लेकिन इसी बीच बहाव तेज होने से चारो युवक नदी में डूबने लगे मामले की जानकारी होने पर थाना पुलिस गोताखोरों के साथ पहुंची। लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद एक युवक को जीवित बाहर निकाल लिया क्या लेकिन तीन युवक की मौत हो गई मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा। नदी में डूबने की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई ग्रामीणों में भी मातम छा गया। जानकारी के मुताबिक सेऊढ़ा गांव निवासी लालचंद और फूलचंद सगे भाई है। लालचंद के दो बेटे 22 वर्षीय रोहित, 20 वर्षीय मोहित, चचेरे भाई 18 वर्षीय सूरज पुत्र फूलचंद और गांव के ही निकेश पुत्र श्याम बाबू के साथ दोपहर लगभग एक बजे यमुना नहाने गए। निकेश ने बताया कि सूरज अचानक गहरे पानी में चले जाने के कारण डूबने लगा।उसे बचाने के लिए रोहित, मोहित और वह भी गया। रोहित और मोहित भी डूब गए, जबकि उसे कुछ लोगों ने बचा लिया। गोताखोरों द्वारा लगभग तीन बजे तक तीनों के शवों को बरामद कर लिया गया। घाट पर परिजनों और ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही।

# पिता ने दुधमुहे बच्चे को जमीन पर पटका,मासूम की हुई मौत

अखंड भारत संदेश



**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी।** सैनी थाना के अंतर्गत केसरिया गांव में पत्नी के मायके में रहने से नाराज पति ने शराब के नशे में अपने दुधमुहे बच्चे को जमीन पर पटक दिया जिससे मासूम बच्चे की मौत हो गई,बच्चे की मौत के बाद कातिल पिता उसे कमरे में बंद कर फरार हो गया,सूचना पर पहुंची पत्नी और ग्रामीणों ने दरवाजा तोड़कर मासूम के शव को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी,सूचना पर पहुंची पुलिस ने मासूम के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच में जुट गई। जानकारी के अनुसार रवि मौर्य शराब पीने का आदी है,उसने गांव की ही मुस्कान के साथ एक साल पहले लव मैरिज की थी,अभी डेढ़ माह पहले मासूम बच्चे प्रियांश ने जन्म लिया था,पति और पत्नी में आए दिन विवाद होता था,15 दिन पहले हुए विवाद के बाद मुस्कान अपनी बुआ के घर चली गई थी,जहा से 8 दिन पहले पत्नी के वापस न आने पर रवि अपने डेढ़ महीने के बेटे को जबरन उठा लाया था,और रात में शराब के नशे में घर पहुंचे जालिम पिता ने भूख से रो रहे मासूम बच्चे को उठाकर जमीन पर पटक दिया,जिससे मासूम की मौत हो गई। मासूम बच्चे की मौत की सूचना पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई,अपने बच्चे की मौत की जानकारी होने पर रोते बिलखते मुस्कान अपने परिजनों के साथ पहुंची।ग्रामीणों से सूचना पर पहुंची पुलिस ने मासूम के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।

# व्यापारी पुत्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अखंड भारत संदेश

**व्यापारी पुत्र के आत्महत्या करने के बाद परिवार में मचा कोहराम**



**मनौरी कौशांबी।** पिपरी थानांतर्गत महमूदपुर मनौरी बाजार निवासी शुभम केशवानी उम्र लगभग 28 वर्ष पुत्र शिव प्रकाश केसरवानी ने बीती रात लगभग 11 बजे अपने कमरे में पंखे के चुल्ले में ऊनी साल के माध्यम से फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया है व्यापारी पुत्र के आत्महत्या कर लिया जाने की जानकारी जैसे परिजनों को मिली परिवार में कोहराम मच गया है। परिजनों के अनुसार शुभम 10 बजे दुकान बंद करके घर आया और अपने कमरे में चला गया था उसकी पत्नी नीचे कमरे में खाना बनाकर जैसे कमरे में गई तो कमरा अंदर से बंद था आवाज देने पर कमरे से कोई आवाज नहीं आई तो पत्नी ने भागकर नीचे आकर परिजनों को बताया तो परिजनों ने मोहल्लों वालो की मदद से दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो शुभम फांसी पर लटका हुआ था परिजनों ने तुरंत पुलिस को फोन से सूचना दी गई , सूचना पाकर मौके पर पिपरी थानाध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह और चायल चौकी इंचार्ज मनोज तोमर पहुँचे और व्यापारी पुत्र के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## माफिया अतीक अहमद के शार्प शूटर के गांव पहुंची पीएसी के साथ भारी पुलिस फोर्स

**पुलिस फोर्स ने किया पैदल मार्च गांव में भारी पुलिस फोर्स देख गांव में पसरा सन्नाटा**

**कौशाम्बी** मृतक माफिया अतीक अहमद के शार्प शूटर और विधायक राजू पाल हत्याकांड के आरोपी रहे अब्दुल कवी के गांव भखन्दा में सीओ चायल के नेतृत्व में भारी पुलिस फोर्स पहुंची। फोर्स के साथ पीएसी के जवान भी मौजूद थे। पुलिस ने गांव में पैदल मार्च किया। इस दौरान उन्होंने कई घरों की तलाशी भी ली। लेकिन पुलिस को कुछ भी हाथ नहीं लगा। भारी पुलिस फोर्स देखकर गांव के लोग सहमे रहे। सराय अकिल थाना क्षेत्र के भखन्दा गांव में अचानक भारी पुलिस फोर्स पीएसी के साथ पहुंच गई, बड़ी तादाद में पुलिस फोर्स देखकर गांव के लोग दहशत में हो गए। पुलिस फोर्स ने पैदल गस्त के साथ ही कई संदिग्ध घरों की तलाशी भी ली। लेकिन पुलिस के हाथ कुछ भी नहीं लगा। पुलिस सूत्रों के अनुसार बीती रात को भखन्दा बालू घाट पर स्थानीय लोगों ने मारपीट की थी। इसके अलावा बालू लदे ट्रकों में भी तोड़फोड़ की थी। इसी शिकायत पर पुलिस फोर्स गांव पहुंची थी और फ्लैग मार्च करके गांव वालों को सीओ चायल योगेंद्र कृष्ण नारायण ने चेतावनी दी कि कुछ लोग आप लोगों को बरगलाने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन आप लोग किसी के बरगलाने में आकर उपद्रव करेंगे तो ऐसे लोगों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि उनसे जब इस मामले पर बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने कैमरे के सामने कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया।आपको बता दें कि भखन्दा गांव उस समय सुर्खियों में आया जब 2005 में हुए राजू पाल हत्याकांड में अब्दुल कवि का नाम सामने आया था। हत्याकांड के बाद अब्दुल कवी फरार चल रहा था। लेकिन उमेश पाल हत्याकांड के बाद पुलिस एक्टिव हुई और अब्दुल कवी पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया। शाइस्ता परवीन के उसके घर में छिपे होने की सूचना पर पहुंची पुलिस को तलाशी अभियान के दौरान अब्दुल कवी की घर की दीवारों से अवैध असला का जखीरा भी बरामद हुआ था। इसके बाद पुलिस ने अब्दुल कवी पर 1लाख का इनाम भी घोषित किया था। चारों तरफ से शिकंजा कसता देख अब्दुल कवी ने लखनऊ सीबीआई कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। इतनी कार्रवाई देख चुके भखन्दा गांव के लोगों ने जब आज फिर से गांव में भारी पुलिस फोर्स सन्नाटा पसरा रहा।

# जमीन विवाद में पत्रकार की लाठी-डंडों से की पिटाई

**इलाज के दौरान मौत, पत्रकार संगठन में आक्रोश**

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी** जिले के पिपरी थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर एक न्यूज चैनल के पत्रकार की लाठी-डंडों से पीट कर हत्या कर दी गयी। मृतक पत्रकार अपनी जमीन पर कब्जा लेने के लिए गया था, तभी विपक्षियों ने हमला कर दिया। हमले में घायल पत्रकार की एक सप्ताह बाद इलाज के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया है। पिपरी थाना क्षेत्र के मकनपुर गांव निवासी सऊद अंसारी प्रयागराज जिले में एक न्यूज चैनल में सवांददाता थे। उन्होंने गांव के ही रुस्तम से पौने दो बीघा खेती योग्य जमीन का बैनामा कराया था। शनिवार को उसी खेत को जोतवाने के लिए वह अपने भाइयों और भतीजों के साथ ट्रैक्टर लेकर मौके पर पहुंचा। मामले की जानकारी रुस्तम के बेटे मुस्तफा को हुई तो वह भी मौके पर पहुंच गया और खेत जोतने का विरोध करने लगा। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों तरफ से लाठी डंडा चलने लगे। मारपीट में दोनों तरफ से कई लोगों को चोटें आई। मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। सूचना मिलने के बाद सीओ योगेंद्र कृष्ण नारायण, इंस्पेक्टर पिपरी श्रवण कुमार सिंह और चौकी प्रभारी मखदूमपुर संजय सिंह परिहार के साथ मय फोर्स मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सऊद अंसारी की हालत नाजुक बनी हुई थी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज चुकी है। शुक्रवार को अस्पताल में सऊद अंसारी की मौत के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बाइक सवार को ट्रैक्टर ने कुचला मौके पर मौत

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के महुआ खाडा गांव निवासी शिवसागर अपनी पत्नी शिवकली के साथ शुक्रवार की सुबह 8:00 बजे बाइक से सेहिया गांव पिपरमेंट उतरवाने जा रहे थे लेकिन जैसे ही बाइक सवार दंपत्ति महुआ खाडा गांव से बाहर पहुँचे तेज गति अनियंत्रित ट्रैक्टर ने दंपत्ति को टक्कर मार दिया है जिससे दंपत्ति सड़क पर गिर पड़े और घटनास्थल पर शिवसागर की तड़प तड़प कर मौत हो गई है घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे ट्रैक्टर चालक को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन ट्रैक्टर सहित ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया है मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे के बाद मृतक की पत्नी शिवकली ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है जानकारी मिलते ही परिवार के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए और कोहराम मचा हुआ है ट्रैक्टर और उसके चालक की शिनाख्त ग्रामीणों ने कर ली है और पुलिस को सूचना दी है पुलिस ट्रैक्टर और उसके चालक को कब्जे में लेने के प्रयास में लगी है।

# मिशन शक्ति के तहत जनपद पुलिस द्वारा चलाया गया 15 दिवसीय जागरुकता अभियान

**महिला सुरक्षा सम्मान एवं साइबर अपराध सम्बन्धित जारी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरो की दी गई जानकारी**



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा व उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कल्याणकारी व सुरक्षा योजनाओं के जागरूकता अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में मिशन शक्ति महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत जनपद के विभिन्न थानों पर गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड व थाने पर नियुक्त महिला बीट आरक्षी द्वारा थाना क्षेत्र के बीट गांव स्कूल कॉलेज पंचायत भवन प्रमुख चौराहों, बाजारों, बस स्टैण्ड, मेलों आदि में बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा, सम्मान एवं साइबर अपराध सम्बन्धित जारी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन 102 स्वास्थ सेवा 108 एंबुलेंस सेवा 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन तथा 1078, 181, 112 आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया।

# थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें सुनिश्चित : एसपी

**पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक ने फरियाद सुनकर अधीनस्थों को निस्तारण के दिए निर्देश**

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रतिदिन की भांति पुलिस कार्यालय में जनतादर्शन में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गई इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थानों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से इतनी दूर पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो, साथ ही सभी प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

## न्यूज झरोखा

### एसपी द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का किया गया निरीक्षण



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन में शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी, तदुपरान्त निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं निर्धारित वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया तत्पश्चात पुलिसकर्मियों में शारीरिक दक्षता विकसित करने हेतु दौड़ लगवाई गयी उनसे शस्त्राभ्यास भी कराया गया तथा एसपी द्वारा पुलिस लाइन स्थित एमटी शाखा का निरीक्षण कर सभी श्रेणी के वाहनों की लॉग बुक को चेक किया गया तथा समस्त शाखाओं, डीसीआर कार्यालय, डायल-112 एवं जिम का निरीक्षण किया गया एवं पीआरवी वाहनों तथा थानों से आए हुए वाहनों को भी चेक किया गया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किए गए पौधारोपण को भी जाकर देखा गया एवं उनकी समुचित देखभाल हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया नवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग सप्ताह दिनांक 15 जून 2023 - 21 जून 2023 के अनुक्रम में एसपी द्वारा पुलिस लाइन में योगाभ्यास कराया गया। शौचालय टॉयलेट की साफ सफाई हेतु संबंधित को कड़े निर्देश दिए गए एवं मेस में भोजन की गुणवत्ता को चेक कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

### विधुत विभाग की बड़ी लापरवाही के चलते किसान के भैंस की मौत



**हर्रायपुर कौशाम्बी** मूरतगंज क्षेत्र के सैंता सरकारी ट्यूबेल के पास ग्राम दुर्गा भाभी नगर वार्ड नंबर 21 रहने वाले विनोद पाल पुत्र नथन लाल सरकारी ट्यूबेल के बगल में तलाब में रोज की तरह भैस को पानी पिलाने ले गए थे भैंस लाइट खम्बा से छू गयी विधुत खम्भा में करंट था जिससे भैंस की दर पर मौत हो गयी ग्रामीणों का कहना है कि कल सैंता पॉवर हाउस में उत्तम नाम के कर्मचारी को खम्भे में करंट की सूचना दिया था वह बोला कि चलो अभी बनवा देंगे लेकिन विद्युत खंभे के कारण को नहीं ठीक किया गया जिससे भैंस की मौत हो गई है मामले में विद्युत विभाग के अधिकारियों की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है सूचना देने के बाद भी विद्युत करंट को ठीक करने का प्रयास विभाग के अधिकारियों नहीं किया जिसको लेकर किसानों में आक्रोश व्याप्त है। जानकारी मिलते ही मौके पर112 पुलिस पहुंची है।

### जनपदीय परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा मिलाये गए चार जोड़े



**कौशाम्बी** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेस -3 के अन्तर्गत 12 जून 2023 से 26 जून 2023 तक चलाये जा रहे 15 दिवसीय महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के दृष्टिगत आज पुलिस कार्यालय में परिवार परामर्श केन्द्र के माध्यम से 07 प्रार्थना पत्र की काउंसलिंग के दौरान 04 जोड़ों की परिवारिक विवाद से सबंधित उनकी समस्याओं को सुनते हुए उनकी खुद की सहमति से सुलह समझौता कराया गया जिसमें दोनों पक्षों के द्वारा एक दूसरे को पुष्प माला पहनाकर विश्वास दिलाया गया कि अब हम नव जीवन की नई शुरूआत करेंगे पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा चारों जोड़ों को मिष्ठान वितरण कर नवजीवन की शुरूआत हेतु शुभकामनाएं दी गई।

### डीएम ने की कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा, लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में उदयन सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई बैठक में जिलाधिकारी ने वाणिज्यकर विभाग की समीक्षा के दौरान राजस्व वसूली में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि जून माह में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर कार्यवाही की जायेंगी इसके साथ ही उन्होंने और अधिक प्रवर्तन कार्य करने के निर्देश दियें उन्होंने खनन स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन आबकारी परिवहन विद्युत एवं नगर निकायों से सम्बन्धित अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दियें उन्होंन जिला आबकारी अधिकारी एवं एआरटीओ को और अधिक प्रवर्तन कार्य करने के निर्देश दियें जिलाधिकारी ने जिला खनन अधिकारी एवं एआरटीओ को अवैध खनन परिवहन एवं ओवरलोडिंग गाड़ियो के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही करने के निर्देश दियें उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को उप जिलाधिकारी से समन्वय कर आरसी वसूली में शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दियें इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर एवं सभी एसडीएम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सीडीओ ने ग्राम जजौली में ग्राम चौपाल लगाकर सुनी ग्रामवासियो की समस्याएं

**राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल के अनुपस्थित पाये जाने पर स्पष्टीकरण व एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश**

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने विकास खण्ड-मंझनपुर की ग्राम पंचायत-जजौली में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दियें मुख्य विकास अधिकारी ने चौपाल में राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल के अनुपस्थित पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए एसडीएम मंझनपुर को स्पष्टीकरण प्राप्त करने एवं एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिये। सीडीओ ने ग्रामवासियों को वृक्ष के महत्व की जानकारी देते हुए ग्रामवासियों से अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आग्रह किया। जनपद स्तर पर अभ्युदय योजना के अन्तर्गत संचालित निःशुल्क कोचिंग में बालक-बालिकों को पढ़ने के लिए भेजने के बारे में भी जागरूक किया तथा प्राथमिक विद्यालय जजौली में कायाकल्प योजना के अन्तर्गत निर्मित कराये गये बालक-बालिका शौचालय का निरीक्षण किया उन्होंने ग्राम पंचायत में चल रहें तालाब की खुदाई के कार्य का निरीक्षण किया तालाब की खुदाई में महिला मेठ की सहभागिता पायी गयी, जिसके सम्बन्ध में मौके पर उपस्थित कार्यक्रम अधिकारी खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि महिला मेठों की सहभागिता बढ़ाएं। उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूह से भी वार्ता की समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित-मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, परिवारिक लाभ योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन एवं बृद्धावस्था पेंशन योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में ग्रामवासियों को जानकारी दी। चौपाल में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 एके सेंगर, जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार पटेल, जिला दिव्यांगजन शक्तिकरण अधिकारी अभिषेक उपाध्याय, खण्ड विकास अधिकारी देवेन्द्र कुमार ओझा, सहायक विकास अधिकारी(पंचायत) कमलाकान्त मिश्र, पूर्ति निरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह सहित ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने की नशामुक्ति जागरूकता पखवाड़ा अभियान के सम्बन्ध में बैठक

**कौशाम्बी** जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में उदयन सभागार में नशामुक्ति जागरूकता पखवाड़ा अभियान के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई बैठक में जिला आबकारी अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद वर्मा ने बताया कि 12 जून 2023 से 26 जून 2023 तक नशामुक्ति जागरूकता पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है शासन द्वारा जिला समाज कल्याण अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है नशामुक्ति जागरूकता अभियान का उद्देश्य आमजन को नशा के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करना है जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को माध्यमिक विद्यालयों में नशामुक्ति के सम्बन्ध में जन-जागरूकता कार्यक्रम कराने के निर्देश दियें इसके साथ ही उन्होंने जन-जागरूकता रैली सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर आमजन को जागरूक करने के निर्देश दियें उन्होंने शासन के निदेशानुसार सभी उप जिलाधिकारियों एवं ई0ओ0 को डिग्री कॉलेजों के 100 मीटर की सीमा में स्थित तम्बाकू की दुकानों को चिन्हित कर हटवाने के निर्देश दियें उन्होंने जिला खाद्य सुरक्षा एवं अभिहित अधिकारी को अवैध ड्रग्स के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को नशामुक्ति अभियान से सम्बन्धित शपथ भी दिलायी इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर एवं सभी एसडीएम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# साइबर सुरक्षा को मजबूत करने की जरूरत !

आजकल देश में साइबर अपराधों को लेकर आए दिन खबरें आतीं रहतीं हैं। आज संचार क्रांति का युग है, इंटरनेट का युग है, तकनीक का युग है। तकनीक ने हमें बहुत सी सुविधाएं तो प्रदान की हैं लेकिन इसके खतरे भी कुछ कम नहीं हैं। आज हरेक व्यक्ति के पास एंड्रॉयड मोबाइल, स्मार्टफोन मौजूद हैं और लगभग लगभग हरेक व्यक्ति सोशल नेटवर्किंग साइट्स अथवा इंटरनेट पर सक्रिय भी है। देश में संचार क्रांति धीरे धीरे नई ऊंचाइयों को छू रही है लेकिन आज विभिन्न सोशल नेटवर्किंग साइट्स, इंटरनेट के माध्यम से डाटा चोरी भी अपने परवान पर है। आज हम कोई भी एप डाउनलोड करते हैं तो वह सबसे पहले हमारी सारी एक्सेस मांगते हैं। गाहे-बगाहे ऐसी खबरें आती रहती हैं कि साइबर अपराधियों ने लोगों का निजी डाटा चुरा लिया है। यह ठीक है कि ऑनलाइन सिस्टम से जितनी सुविधा हुई व समय की बचत हुई, उसकी सुरक्षा के लिये खतरा उतना ही ज्यादा बड़ा हो गया है। आज संचार क्रांति के कारण मानव को बहुत सी सहूलियतें मिल रही हैं। हमारे बहुत से काम बहुत ही आसान व सरल हो गये हैं। यह संचार क्रांति का ही परिणाम है कि आज हम विश्व के किसी भी कोने में पल भर में बातचीत कर सकते हैं। आज कोई भी घटित घटना क्षण भर में ही संपूर्ण दुनिया में फैल जाती है।प्रिंट मीडिया के चमत्कार ने तो संपूर्ण विश्व में जैसे ज्ञान का विस्फोट कर दिया है। बहुत सी जानकारियां पलभर में ही हमारे सामने होतीं हैं। सोशल नेटवर्किंग से मनुष्यों के आमने-सामने बैठकर वातालर्प करने के अवसर नगण्य होते जा रहे है, जिससे आज संपूर्ण विश्व में एकाकीपन, तनाव और डिप्रेशन(अवसाद) के प्रकरण लगातार बढ़ते चले जा रहे है। हमारी जीवन शैली के तरीकों को भी संचार क्रांति ने कहीं न कहीं एक बहुत बड़ी सीमा तक प्रभावित किया ही है। बहरहाल, यहां जानकारी देना चाहूंगा कि पिछले दिनों ही कोविड टीकाकरण के लिये बनाये गये सिस्टम कोविन के डाटा में सेंधमारी जिसमें हजारों करोड़ों लोगों का निजी डाटा जमा था, की चर्चा ने अचानक सनसनी फैला दी थी। हालांकि, बाद में केंद्र सरकार ने यह साफ कर दिया था कि कोविन का कोई डाटा चोरी नहीं हुआ है। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि सरलता से टीकाकरण की व्यवस्था को अंजाम देने के लिये देश-विदेश में कोविन सिस्टम की सराहना भी हुई थी। आज आनलाइन फ्राड की घटनाएं आम हो गई हैं। आज इंटरनेट से सोशल नेटवर्किंग साइट ट्विटर फेसबुक इंस्टाग्राम, व्हाट्स एप से घर बैठे पूरी दुनिया से वातालर्प व्यवसाय और संपर्क संभव हो रहा है। तकनीक के अपने फायदे और नुकसान है। विज्ञान प्रगति के सोपानों को छूता है तो इससे मानवजाति को लाभ भी होता है और कहीं न कहीं नुकसान भी होता है। बहरहाल, निजी डाटा में सेंधमारी की चर्चा ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। वास्तव में,संवेदनशील व निजी जानकारियां कभी भी लीक नहीं होनी चाहिए। इससे बहुत बड़ा खतरा पैदा हो सकता है। बहुत बार ऐसा कहीं न कहीं हो भी रहा है ??। यदि कोई भी व्यक्ति किसी का निजी डाटा या जानकारी चोरी करता है तो आज के समय यह बहुत ही जरूरी हो गया है कि ऐसे सभी मामलों की गहन जांच की जानी चाहिए। कोशिश यह होनी चाहिए कि ऐसे प्रकरणों में गहराई तक जांच करके दोषियों को कानूनी शिकंजे में लाने के प्रयास किये जाएं। आज संपूर्ण दुनिया यह बात अच्छी तरह से जानती है कि भारत एक बड़ा उभरता उपभोक्ता बाजार है और विश्व की तमाम कंपनियां अपने कारोबार को भारत में फैलाना चाहती है। कंपनियां चोरी के डाटा को अपने फायदे के लिए इस्तेमाल कर सकतीं हैं। अतः आज साइबर सुरक्षा को फुलप्रूफ करने की बहुत जरूरत है। वास्तव में,ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि खुद के अलावा कोई दूसरा व्यक्ति किसी के भी निजी डाटा अथवा जानकारियों को न देख सके। इसमें ओटीपी व्यवस्था के साथ ही अन्य सुरक्षा उपायों को शामिल करना चाहिए। बहरहाल, कहना गलत नहीं होगा कि संचार का उद्धेश्य समाज का सकारात्मक परिवर्तन होना चाहिए। वर्तमान में मीडिया से जुड़े सर्वाधिक जन युवा ही हैं और आज भारत विश्व का सबसे अधिक युवा देश है और युवा ही किसी भी देश व समाज का असली भविष्य होते हैं। आज के समय में आवश्यकता इस बात की है कि परिवार में बच्चों, युवाओं में संचार माध्यमों के प्रचार से पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन किया जाना चाहिए। बच्चों को संचार क्रांति के सही उपयोग के बारे मे शिक्षित व जागरूक किया जाना चाहिए। हमें बच्चों को यह बताना चाहिए कि संचार का माध्यम व्यक्ति के सामाजिक, आर्थिक, पारिवारिक समस्याओं के निदान एवं विकास के लिए सहायक है। इसका गलत उपयोग हमें, हमारे समाज व देश को खतरे में डाल सकता है। आज के समय में कोशिश तो यह भी होनी चाहिए कि यदि किसी कल्याणकारी योजना के लिये सरकार भी किसी व्यक्ति के निजी डाटा का उपयोग कर रही है तो उसकी जानकारी हर नागरिक को होनी चाहिए। वास्तव में सच तो यह है कि आज साइबर सुरक्षा उपायों की समीक्षा करके बचाव के नये मानकों को उपयोग में लाने की आवश्यकता है। आज हैकिंग की जाती है, खुफिया सूचनाओं को चुराया जाता है, आनलाइन ठगी की जाती है, इसके बारे में जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। दूसरे शब्दों में कहें तो संचार माध्यमों के दुरुपयोग को रोका जाना आज अति आवश्यक हो गया है।कम्प्यूटर की खोज और सूचना प्रौद्योगिकी का विकास 20 वीं शताब्दी की सर्वाधिक महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक है। प्रगति और विकास के साधन के रूप में सूचना प्रौद्योगिकी की भूमिका व्यापक रूप से स्वीकार की गई है। आज तेजी से टेक्नोलॉजी(तकनीक) बदल रही है। अतः सुरक्षा उपायों में भी उसी तेजी से बदलाव करके चौकस व्यवस्था को अपनाया जाना चाहिए। आज साइबर अपराधी अपराध करने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। लोगों को यह चाहिए कि वे अपने बैंक खाते से संबंधित जानकारी किसी को न दें, एटीएम पिन को हमेशा बदलते रहे, ऐसा पिन न रखे जो आसानी से अनुमान लगाया जा सके।

# योग ही है अमृतकाल को अमृतमय बनाने का आधार

**- ललित गर्ग -**



अनादिकाल से भारत योग भूमि के रूप में विख्यात इसलिये रही कि इसने शरीर से ही नहीं बल्कि मन से स्वस्थ रहना सिखाया। भारतीय योग तन और मन को स्वस्थ, सहज एवं संतुलित रखने का दर्शन है। सर्व भवन्तु सुखिनः सर्वे संतु निरामया का पाठ पठाने वाले देश का कण-कण, अणु-अणु न जाने कितने योगियों की योग-साधना से आप्लावित हुआ है। इसी भूमि पर कभी वैदिक ऋषियों एवं महर्षियों की तपस्या साकार हुई थी तो कभी भगवान महावीर, बुद्ध एवं आद्य शंकराचार्य की साधना ने इस माटी को कृत्कृत्य किया था। साक्षी है यही धरा रामकृष्ण परमहंस की परमहंसी साधना की, साक्षी है यहां का कण-कण विवेकानंद की विवेक-साधना का, साक्षी है क्रांत योगी से बने अध्यात्म योगी श्री अरविन्द की ज्ञान साधना का और साक्षी है महात्मा गांधी की कर्मयोग-साधना का। योग साधना की यह मंदाकिनी न कभी यहां अवरुद्ध हुई है और न ही कभी अवरुद्ध होगी। इसी योग मंदाकिनी से आज समूचा विश्व आप्लावित हो रहा है, निश्चित ही यह एक शुभ संकेत है सम्पूर्ण मानवता के लिये। विश्व योग दिवस की सार्थकता इसी बात में है कि सुधरे व्यक्ति, समाज व्यक्ति से, विश्व मानवता का कल्याण हो। सचमुच योग वर्तमान की सबसे बड़ी जरूरत है। लोगों का जीवन योगमय हो, इसी से युग की धारा को बदला जा सकता है।

योग दिवस की अन्तराष्ट्रीय स्वीकार्यता के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सूझबूझ एवं प्रयासों से अपूर्व वातावरण बना है। जी-20 देशों की अध्यक्षता करते हुए सहज ही योग की प्रासंगिकता बढ़ी है क्योंकि आज महामारी, महायुद्ध, आतंकवाद, बढ़ती महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी के कारण जीवन का हर क्षेत्र समस्याओं से घिरा हुआ है, जिसके कारण हर व्यक्ति एवं परिवार अपने दैनिक जीवन में अत्यधिक तनाव/दबाव महसूस कर रहा है। हर आदमी संदेह, अंतर्द्वंद्व और मानसिक उथल-पुथल की जिंदगी जी रहा है। मनुष्य के सम्मुख जीवन का संकट खड़ा है। मानसिक संतुलन अस्त-व्यस्त हो रहा है। मानसिक संतुलन का अर्थ है विभिन्न परिस्थितियों में तालमेल स्थापित करना, जिसका सशक्त एवं प्रभावी माध्यम योग ही है। योग एक ऐसी तकनीक है, एक विज्ञान है जो हमारे शरीर, मन, विचार एवं आत्मा को स्वस्थ करती है। यह हमारे तनाव एवं कुंठा को दूर करती है। जब हम योग करते हैं, श्वासों पर ध्यान केन्द्रित करते हैं, प्राणायाम और कसरत करते हैं तो यह सब हमारे शरीर और मन को भीतर से खुश और प्रफुल्लित रहने के लिये प्रेरित करती है। योग जीवन की अस्त-व्यस्तता एवं तनावों से मुक्ति का सशक्त माध्यम है। योग करना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है इसे सही तरीके से करना।

योग मनुष्य की चेतना को शुद्ध एवं बुद्ध करने की प्रक्रिया है, यह मनुष्य को ऊपर उठाने का उपक्रम है, जीवन में संतुलन स्थापित करने का साधन है एवं परमात्मा एवं परम ब्रह्म से एकाकार होने का विज्ञान है। ब्रह्म का साक्षात्कार ही जीवन का काम्य है, लक्ष्य है। यह साक्षात्कार न तो प्रवचन से ही प्राप्त हो सकता है, न बुद्धि से ही प्राप्त हो सकता है और न बहुत सुनने से ही प्राप्त हो सकता है, उसके लिये जरूरी है स्वयं से स्वयं का साक्षात्कार और यह साक्षात्कार उसी को होता है जिसका अंतःकरण निर्मल और पवित्र है। पवित्र अंतःकरण ही वह दर्पण है जिसमें आत्मा का दर्शन, प्रकृति का प्रदर्शन और ब्रह्म का संदर्शन होता है। शुद्ध अंतःकरण में बुद्धि आकाशवत निर्मल और स्वच्छ रहती है, मन गंगा जैसा पवित्र रहता है, चित्त ऐसा स्थिर रहता है जैसे बिना वायु के अविचल दीपक की ज्योति और सम्पूर्ण चेतना भगवान में मिलने के लिए ऐसी बहती है जैसे समुद्र में मिलने के लिए नदियां। जैसे शीशे में अपना चेहरा तभी दिखलायी पड़ता है जबकि शीशा साफ और स्थिर हो, इसी प्रकार शुद्ध अंतःकरण से ही परम ब्रह्म के दर्शन होते हैं। योग व्यायाम का ऐसा प्रभावशाली प्रकार है, जिसके माध्यम से न केवल शरीर के अंगों बल्कि मन, मस्तिष्क और आत्मा में संतुलन बनाया जाता है। यही कारण है कि योग से शारीरिक व्याधियों के अलावा मानसिक समस्याओं से भी निजात पाई जा सकती है। मेरी दृष्टि में योग मानवता की न्यूनतम जीवनशैली होनी चाहिए। आदमी को आदमी बनाने का यही एक सशक्त माध्यम है। एक-एक व्यक्ति को इससे परिचित-अवगत कराने और हर इंसान को अपने अन्दर झांकने के लिये प्रेरित करने हेतु विश्व योग दिवस को और व्यवस्थित ढंग से आयोजित करने के उपक्रम होने चाहिए। इसी से योगी बनने और अच्छा बनने की ललक पैदा होगी। योग मनुष्य जीवन की विसंगतियों पर नियंत्रण का माध्यम है। योग मनुष्य को पवित्र बनाता है, निर्मल बनाता है, स्वस्थ बनाता है। यजुर्वेद में की गयी पवित्रता- निर्मलता की यह कामना हर योगी के लिए काम्य है कि ह्यह्यदेवजन मुझे पवित्र करें, मन में सुसंगत बुद्धि मुझे पवित्र करे, विश्व के सभी प्राणी मुझे पवित्र करें, अग्नि मुझे पवित्र करें।ह्लह्ल योग के पथ पर अविराम गति से वही साधक आगे बढ़ सकता है, जो चित्त की पवित्रता एवं निर्मलता के प्रति पूर्ण जागरूक हो। निर्मल चित्त वाला व्यक्ति ही योग की गहराई तक पहुंच सकता है।

स्वामी विवेकानंद कहते हैं-ह्यह्यनिर्मल हृदय ही सत्य के प्रतिबिम्ब के लिए सर्वोत्तम दर्पण है। इसलिए सारी साधना हृदय को निर्मल करने के लिए ही है। जब वह निर्मल हो जाता है तो सारे सत्य उसी क्षण उसमें प्रतिबिम्बित हो जाते हैं।...पावित्र्य के बिना आध्यात्मिक शक्ति नहीं आ सकती। अपवित्र कल्पना उतनी ही बुरी है, जितना अपवित्र कार्य।ह्लह्ल आज विश्व में जो आतंकवाद, हिंसा, युद्ध, साम्प्रदायिक विद्धेष की ज्वलंत समस्याएं खड़र है, उसका कारण भी योग का अभाव ही है। जब मानव अपनी आधिदैविक, आधिभौतिक तथा आध्यात्मिक समस्याओं को सुलझाने के लिए अथवा उनका समाधान पाने के लिए योग का आश्रय लेता है तो वह योग से जुड़ता है, संबंध बनाता है, जीवन में उतारने का प्रयास करता है। किन्तु जब उसके बारे में कुछ जानने लगता है, जानकर क्रिया की प्रक्रिया में चरण बढ़ाता है तो वह प्रयोग की सीमा में पहुंच जाता है। इसी प्रयोग की भूमिका को जीवन का अभिन्न अंग बनाकर हम मानवता को एक नयी शक्ल दे सकते है।

आत्म विकास हेतु योग एक प्रमुख साधना है। पातंजलि योगशास्त्र में योग का अर्थ चित्तवृत्ति-निरोध किया है। चित्त की वृत्तियों को रोककर एकाग्रता अथवा स्थिरता लाने को योग कहा है। बौद्ध शास्त्रों में योग का अर्थ समाधि किया है, जबकि जैन शास्त्रों में योग का अर्थ मन, वचन, काया को जोड़ने से अथवा संयोग करने से किया है। ऊपरी तौर पर इन परिभाषाओं में भेद दिखाई देता है परन्तु वास्तव में इनका अर्थ मन, वचन,. काया का निरोध कर एकाग्रता लाना व उनका आत्म-विकास के मार्ग में प्रवृत्ति करना है।

प्रसिद्ध उक्ति है- ह्यशरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्ह्ल! इसके अनुसार निरोग एवं दृढ़ता से युक्त-पुष्ट शरीर के बिना साधना संभव नहीं। इसलिए योग को इस प्रकार गूंथ दिया गया है कि शरीर की सुडौलता के साथ-साथ आध्यात्मिक प्रगति भी हो। शरीर की सुदृढ़ता के लिए आसन एवं दीघार्यु के लिए प्राणायाम को वैज्ञानिक ढंग से ऋषियों ने अनुभव के आधार पर दिया है इससे व्यक्ति एक महान संकल्प लेकर उसे कार्यान्वित कर सकता है। अतः योग इस जीवन में सुख और शांति देता है और मुक्ति के लिए साधना का मार्ग भी प्रशस्त करता है। योग केवल सुंदर एवं व्यवस्थित रूप से जीवन-यापन करना ही नहीं सिखाता अपितु व्यक्तित्व को निखारने की कला को भी सिखाता है।

इस संसार में कर्म में प्रवृत्त परायण लोग शारीरिक शक्ति प्रधान होते हैं, कुछ लोग भक्ति परायण होकर भावनात्मक शक्ति प्रधान होते हैं, कुछ अन्य लोग ध्यान परायण होकर मानस शक्ति प्रधान होते हैं तो कुछ लोग विचार परायण होकर बौद्धिक शक्ति प्रधान होते हैं। इस प्रकार साधक भेद के अनुसार कर्मयोग, भक्तियोग, राजयोग एवं ज्ञानयोग-क्रमशः ये चार मार्ग प्रसिद्ध हैं। राजयोग के अनेक प्रभेदों में से एक ह्यआष्टांग योग हैह्ल है। आजकल व्यवहार में इसके दो अंग-आसन और प्राणायाम-विशेष रूप से प्रचलित हैं। ह्यज्ञानादेव तु कैवल्यह्ल इस उक्ति के अनुरूप आपके शरीर एवं मन को उस ज्ञानानुभूति के योग बनाना ही योग का प्रमुख लक्ष्य है। विश्व योग दिवस की निरन्तरता बनी रहे, यह अपेक्षित है। यह इतिहास न बने, बल्कि परम्परा बने- यही आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने के लिये योग दिवस का उद्घोष हो, इसी से लोगों को नयी सोच मिले, नया जीवन-दर्शन मिले। प्रेषकः

(ललित गर्ग)
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज,
दिल्ली-92
फोनः 22727486, 9811051133

# 'ऐ काश हमारी आँखों का इक्कीसवाँ ख़्वाब तो अच्छा हो !

संपूर्ण विश्व आज बारूद के ढ़ेर पर खड़ा हुआ है। इधर रूस यूक्रेन युद्ध भी काफी चल समय से चल रहा है। आज हर तरफ हथियारों की होड़ लगी हुई है। जानकारी देना चाहूंगा कि चीन और पाकिस्तान लगातार हथियारों का जखीरा जुटाने में लगे हैं। पाकिस्तान की आर्थिक हालत खराब होने के बावजूद भी वह लगातार हथियारों का जखीरा जुटाने में लगा हुआ है। 'स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट' (सिपरी) ने कहा कि वर्ष 2018-22 के दौरान दुनिया के पांच सबसे बड़े हथियार आयातक भारत, सऊदी अरब, कतर, ऑस्ट्रेलिया और चीन थे। कुछ समय पहले स्वीडिश थिंक टैंक ने कहा था कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के कारण संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोप से कीव को सैन्य सहायता लगातार मिल रही है। इससे यूक्रेन 2022 में हथियारों का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा आयातक बन गया है। यह बहुत ही संवेदनशील है कि संपूर्ण विश्व में आज हथियारों को खरीदने, बेचने की होड़ सी लगी हुई है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत भी हथियारों को खरीदने(आयातक) में टाप पर बना हुआ है। हालांकि साल वर्ष 2013-17 और 2018-22 के बीच इसके आयात में 11 प्रतिशत तक की कमी आई है। जानकारी देना चाहूंगा कि एक रिपोर्ट के अनुसार भारत दुनिया का सबसे अधिक हथियार खरीदने वाला देश है। जानकारी देना चाहूंगा कि हथियार बेचने के मामले में अमेरिका दुनिया भर में सबसे अव्वल बना हुआ है।रिपोर्ट के मुताबिक, पांच सबसे बड़े हथियार निर्यातकों में अमेरिका, रूस, फ्रांस, चीन और जर्मनी शामिल हैं। हाल ही में एक प्रतिष्ठित दैनिक के हवाले से यह खबर आई है कि एटमी हथियारों का जखीरा जुटाने में चीन सबसे आगे निकल गया है। सिपरी (स्टाकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट)

की ताजा रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है कि चीन ने पिछले एक साल के दौरान अपने परमाणु खजाने में काफी हद तक बढ़ोतरी की है। रिपोर्ट में कहा गया चीन जिस हिसाब से अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलें बना रहा है, उस हिसाब से आने वाले एक दशक के अंत तक वह अमेरिका और रूस जैसे शक्तिशाली देशों से से बराबरी कर सकता है। यहां पाठकों को यह जानकारी भी देता चलूं कि सिपरी एक स्वीडिश थिंक टैंक है जो कि परमाणु हथियारों पर लगातार अपनी नजर रखता है। वास्तव में, स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) एक वैश्विक गैर-लाभकारी शोध संस्थान है। सिपरी संघर्षों को हल करने, हथियारों को नियंत्रित करने और निरस्त्रीकरण को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। यह संस्थान सशस्त्र संघर्षों, सैन्य व्यय और हथियारों के व्यापार के संबंध में डेटा, विश्लेषण और सुझाव प्रदान करता है। आज संपूर्ण विश्व लगातार खतरनाक दौर की ओर बढ़ता चला जा रहा है। यह संपूर्ण विश्व के लिए बहुत ही संवेदनशील और गंभीर है कि परमाणु संपन्न देश नाभिकीय हथियारों का जखीरा लगातार बढ़ाने में लगे हैं। यहां यक्ष प्रश्न यह उठता है कि आखिर हथियारों की होड़ मानव सभ्यता को किस ओर ले जाएगी ? क्या आज विश्व विनाश की ओर अग्रसर नहीं हो रहा है ? आज रूस यूक्रेन जंग के भू-राजनीतिक संबंध लगातार बदलते चले जा रहे हैं। रूस यूक्रेन युद्ध से दोनों ही देशों में बहुत ज्यादा आर्थिक नुकसान पहुंचा है। बहुत सी जानें अब तक जा चुकी है और जंग अभी भी लगातार जारी है।स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) की एक रिपोर्ट में इस बात का भी खुलासा किया गया है।

रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत और पाकिस्तान दोनों ही देश अपने परमाणु खजाने को बढ़ा रहे हैं। केवल यहीं नहीं, दोनों ही देश परमाणु हथियार को ले जाने वाले नए सिस्टम को भी विकसित करने में लगे हैं।सिपरी रिपोर्ट के अनुसार साल 2022 में चीन के परमाणु खजाने में 350 हथियार थे जो कि साल 2023 में बढ़कर 410 हो गए हैं। वास्तव में,पाकिस्तान का मुख्य फोकस भारत के परमाणु हथियारों को लेकर हैं। वहीं, भारत लंबी दूरी के हथियार डेवलप करने में लगा हुआ है, यह हथियार चीन के अंदर तक जाकर टारगेट को निशाना बनाने की काबिलियत रखता है। आज अमेरिका और रूस के पास सबसे ज्यादा हथियार उपलब्ध हैं। रिपोर्ट की माने तो परमाणु हथियारों का 90 प्रतिशत हिस्सा अमेरिका और रूस के पास मौजूद है। इस रिपोर्ट में आगे कहा गया कि उनके संबंधित परमाणु आर्सेनल का आकार 2022 में अपेक्षाकृत स्थिर रहा है। हालांकि, फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के युद्ध के मद्देनजर दोनों देशों में परमाणु बलों के संबंध में पारदर्शिता में गिरावट दर्ज की गयी है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, चीन, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया और इजराइल सहित नौ परमाणु- सशस्त्र देशों ने अपने परमाणु आर्सनल का आधुनिकीकरण जारी रखा है। यह ठीक है कि विश्व के सभी देश अपनी सुरक्षा के मद्देनजर यह सब कर रहे हैं लेकिन आखिरकार यह होड़ हमें कहां और किस दिशा में ले जा रही है और इसका परिणाम क्या हो सकता है ? जानकारी देना चाहूंगा कि आज भारत हथियारों का सबसे बड़ा खरीददार देश बना हुआ है। बीते पांच सालों में दुनिया में जितने हथियार खरीदे गए, उनमें से 11 प्रतिशत अकेले भारत ने खरीदे हैं। सऊदी अरब (9.6 फीसदी) खरीद के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं इनके बाद कतर (6.4%), ऑस्ट्रेलिया (4.7%) और चीन (4.7%) का नंबर आता है। सिपरी की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा हथियार निर्यातक देश है, जो दुनिया के कुल हथियार निर्यात का 40 फीसदी निर्यात करता है। अमेरिका के बाद रूस दूसरा सबसे बड़ा हथियार निर्यातक देश है, जो 16 फीसदी हथियार निर्यात करता है। इनके बाद फ्रांस (11 फीसदी), चीन (5.2 फीसदी) और जर्मनी (4.2 फीसदी) का नंबर आता है। साल 2013 के बाद से अमेरिकी के हथियार निर्यात में 14 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, वहीं रूस के हथियार निर्यात में 31 फीसदी की कमी हुई है। यहां यह बात उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018-22 के दौरान दुनिया के आठवें सबसे बड़े हथियार आयातक पाकिस्तान द्वारा आयात में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसमें चीन इसका मुख्य आपूर्तिकर्ता रहा। बहरहाल, रूस-यूक्रेन युद्ध का क्या परिणाम निकलेगा यह कहना तो बहुत ही मुश्किल है मगर इतना जरूर तय है कि दुनिया पहले जैसी नहीं रहेगी। इतना ही नहीं हथियारों की होड़ में कई देश अब अपनी जीडीपी का एक बड़ा हिस्सा रक्षा पर खर्च करेंगे। आज दुनिया के लगभग लगभग सभी देश अपनी सुरक्षा के लिए अपनी जीडीपी का एक बड़ा हिस्सा रक्षा पर खर्च करते रहे हैं। यही खर्च तब और बढ़ जाता है जब कोई देश या तो युद्ध में हो या युद्ध के मुहाने पर या ऐसी संभावनाओं से युक्त हो। युद्ध से कोई भी देश बहुत पीछे चला जाता है,यह बात सभी जानते हैं। जान माल का नुकसान तो होता ही है, पर्यावरण पर भी युद्ध से बहुत असर पड़ता है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि वर्ष 2020 में कोरोना महामारी के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था 4.4 फीसद की गिरावट में थी।

# उपजाऊ भूमि का मरुस्थल में बदलना गंभीर संकट

**अन्तर्राष्ट्रीय रेगिस्तान एवं सूखा रोकथाम दिवस-17 जून, 2023**

**- ललित गर्ग-**

विश्व मरुस्थलीकरण रोकथाम दिवस (डब्ल्यूडीसीडी) वर्ष 1995 से प्रतिवर्ष 17 जून को मनाया जाने वाला ऐसा दिवस है जो अंतरराष्ट्रीय सहयोग से उपजाऊ भूमि को मरुस्थल होने से बचाता, बंजर और सूखे के प्रभाव का मुकाबला करना और इसके लिये जन जागरूकता को बढ़ावा देना है। वर्ष 1994 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने एक प्रस्ताव में बंजर और सूखे से जुड़े मुद्दे पर जन जागृति का माहौल निर्मित करने के लिये विश्व मरुस्थलीकरण रोकथाम और सूखा दिवस की घोषणा की। बढ़ते मरुस्थल के प्रति सचेत होना इसलिये जरूरी है कि दुनिया हर साल 24 अरब टन उपजाऊ भूमि खो देती है। मरुस्थलीकरण से बचाव के लिए जल संसाधनों का संरक्षण तथा समुचित मात्र में विवेकपूर्ण उपयोग काफी कारगर भूमिका अदा कर सकती है। इसके लिए कृषि में शुष्क कृषि प्रणालियों को प्रयोग में लाने को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

मरुभूमि की लवणता व क्षारीयता को कम करने में वैज्ञानिक उपाय को महत्व दिया जाना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वतः उत्पन्न होने वाली अनियोजित वनस्पति के कटाई को नियंत्रित करने के साथ ही पशु चरागाहों पर उचित मानवीय नियंत्रण स्थापित करना चाहिए। यह दिवस वैश्विक स्तर पर जन-जागरूकता फैलाने का ऐसा प्रयास है , जिसमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सहयोग की अपेक्षा की जाती है। इसका उद्देश्य भूमि की गुणवत्ता खराब होने से बचाना। राष्ट्रीय घरेलू उत्पाद में हर साल आठ प्रतिशत तक की गिरावट आने एवं भूमि क्षरण और उसके दुष्प्रभावों से मानवता पर मंडराते जलवायु संकट के और गहराने की आशंकाओं को देखते हुए इस दिवस की उपयोगिता एवं सार्थकता है। मरुस्थलीकरण, भूमि क्षरण और सूखा बड़े खतरे हैं जिनसे दुनिया भर में लाखों लोग, विशेषकर महिलाएं और बच्चे, प्रभावित हो रहे हैं।

भारत में लगातार बढ़ रहे रेगिस्तान की गंभीर चिन्ताजनक स्थिति पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जागरूक है और अपनी दूसरी पारी में अब प्रकृति- पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण-मुक्ति के साथ बढ़ते रेगिस्तान को रोकने के लिये उल्लेखनीय कदम उठाये हैं। बंजर जमीन को उपजाऊ बनाने एवं पर्यावरण की रक्षा को लेकर प्रधानमंत्री का संकल्प एक शुभ संकेत है, नये भारत के अभ्युदय का प्रतीक है। उम्मीद करें कि आजादी के अमृतकाल में सरकार की नीतियों में जल, जंगल, जमीन एवं जीवन की उन्नत संभावनाएं और भी प्रखर रूप में झलकेगी और धरती के मरुस्थलीकरण के विस्तार होते जाने की स्थितियों पर काबू पाने में सफलता मिलेगी।



सरकार द्वारा मरुस्थलीकरण समस्या के समाधान के लिए भूमि और पारिस्थितिकी प्रबंधन क्षेत्र में नवाचार के जरिए टिकाऊ ग्रामीण आजीविका सुरक्षा हासिल करने के लिए भी कार्य किया जा रहा है। उदाहरण के लिए उत्तराखण्ड सरकार ने आजीविका स्तर सुधारने के लिए भूमि, जल और जैव विविधता का संरक्षण और प्रबंधन किया। सरकार के इन्हीं प्रयासों के तहत अहमदाबाद स्थित स्पेस एप्लीकेशंस सेंटर (एसएसी) ने 19 अन्य राष्ट्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर मरुस्थलीकरण और भूमि की गुणवत्ता के गिरते स्तर पर देश का पहला एटलस बनाया है तथा दूरसंवेदी उपग्रहों के जरिये जमीन की निगरानी की जा रही है।

इस प्रकार स्पष्ट है कि मरुस्थलीकरण, भूमि क्षरण और सूखा बड़े खतरे हैं। इस समस्या का तत्काल समाधान आज वक्त की माँग हो गई है। चूँकि इस समाधान से जहाँ भूमि संरक्षण और उसकी गुणवत्ता बहाल होगी, वहीं विस्थापन में कमी आयेगी, खाद्य सुरक्षा सुधरेगी और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने के साथ वैश्विक जलवायु परिवर्तन से संबंधित समस्याओं से निजात मिल सकेगा। इस संदर्भ में देखा जाए तो संयुक्त राष्ट्र संघ व भारत सरकार के प्रयास सराहनीय हैं, लेकिन फिर भी उपलब्धियाँ नाकाफी रही हैं। मरुस्थलीकरण एक तरह से भूमि क्षरण का वह प्रकार है, जब शुष्क भूमि क्षेत्र निरंतर बंजर होता है और नम भूमि भी कम हो जाती है। साथ ही साथ, वन्य जीव व वनस्पति भी खत्म होती जाती है। इसकी कई वजह होती हैं, इसमें जलवायु परिवर्तन और इंसानी गतिविधियां प्रमुख हैं। इसे रेगिस्तान भी कहा जाता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के मुताबिक 2025 तक दुनिया के दो-तिहाई लोग जल संकट की परिस्थितियों में रहने को मजबूर होंगे। उन्हें कुछ ऐसे दिनों का भी सामना करना पड़ेगा जब जल की मांग और आपूर्ति में भारी अंतर होगा। ऐसे में मरुस्थलीकरण के परिणामस्वरूप विस्थापन बढ़ने की संभावना है और 2045 तक करीब 13 करोड़ से ज्यादा लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ सकता है। विश्व में जमीन का मरुस्थल में परिवर्तन होना गंभीर समस्या एवं चिन्ता का विषय है। भारत में भी यह चिंता लगातार बढ़ रही है। इसकी वजह यह है कि भारत की करीब 30 फीसदी जमीन मरुस्थल में बदल चुकी है। इसमें से 82 प्रतिशत हिस्सा केवल आठ राज्यों राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, जम्मू एवं कश्मीर, कर्नाटक, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) द्वारा जारी ह्लस्टेट ऑफ एनवायरमेंट इन फिगर्स 2019ह्व की रिपोर्ट के मुताबिक 2003-05 से 2011-13 के बीच भारत में मरुस्थलीकरण 18.7 लाख हेक्टेयर बढ़ चुका है। सूखा प्रभावित 78 में से 21 जिले ऐसे हैं, जिनका 50 फीसदी से अधिक क्षेत्र मरुस्थलीकरण में बदल चुका है।

## विवाद में पति ने पत्नी को छत से फेंका, घायल

**अखंड भारत संदेश**
**मानिकपुर/चित्रकूट।** थाना क्षेत्र के ऊंचाडीह गांव में पति-पत्नी के बीच हुए झगडे में पति ने पत्नी को छत से फेंक दिया है। पत्नी बुरी तरह घायल हो गई है। सूचना पर पीआरवी पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया है।

ये घटना मानिकपुर थाना क्षेत्र के ऊंचाडीह गांव में गुरुवार की रात हुई। बताया गया कि विवाह कार्यक्रम में गांव के एक देवर ने उर्मिला देवी पत्नी पवन से बारात में आई महिलाओं को रंग लगाने को मांगा। पवन ने रंग न देने की बात कही थी। उर्मिला का पति से इसी बात को लेकर विवाद हो गया था। गुस्साये पति पवन ने पत्नी उर्मिला को छत से नीचे फेंक दिया।

घायल उर्मिला के भाई नत्थू प्रसाद ने पीआरवी 112 को सूचना दी। पुलिस ने उर्मिला को गम्भीर दशा में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया है। वहां इलाज जारी है।

## डभौरा सम्पर्क मार्ग का कब होगा निर्माण

**अखंड भारत संदेश**
**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर से मऊ गुरदरी होते हुए डभौरा को जोड़ने वाले सम्पर्क मार्ग में पुल और पुलिया का निर्माण न होने पर लोग जनप्रतिनिधियों पर सवाल उठा रहे हैं। लोगों का कहना है कि चमरौहा पुल का निर्माण कब होगा।

शुक्रवार को ग्रामीणों ने बताया कि मऊ गुरदरी के पास पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई है। इस पुलिस का निर्माण कब होगा। बरसात आने में कुछ ही दिन बचे हैं। जल्द ध्वस्त पुलिया न बनी तो सम्पर्क मार्ग से कई गांवों का सम्पर्क कट जायेगा।

बारिश में हर वर्ष पानी भरने से सम्पर्क मार्ग कट जाता है। इससे तमाम लोगों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पडती है। ग्रामीणों ने कहा कि चित्रकूट के जनप्रतिनिधि कब मानिकपुर तहसील क्षेत्र की समस्या के बारे में सोचेंगे।

## पुलिस ने दबोचे दो वारंटी




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने दो वारंटी दबोचे।

शुक्रवार को गनीवा चैकी प्रभारी मेवालाल मौर्या की टीम ने वारंटी अमृतलाल पुत्र शिवहरी प्रसाद निवासी गनीवा थाना राजापुर को गिरफ्तार किया है। टीम में चैकी प्रभारी गनीवा मेवालाल मौर्या, सिपाही आशोक पाल शामिल रहे। कोतवाली कर्वी के दरोगा सदानन्द की टीम ने वारंटी कुमार पुत्र स्व धर्मराज निवासी बनवारीपुर को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा सदानंद, सिपाही अमरेन्द्र प्रताप शामिल रहे।

## तीन माह से नदारद अधेड का मिला शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** सीतापुर चैकी क्षेत्र के रामघाट में संदिग्ध दशा में 75 वर्षीय काशी प्रसाद के मृत अवस्था में मिलने से हड़कंप मच गया। काशी प्रसाद मप्र सतना के नागौद थाने के बरेठिया गांव के निवासी हैं। मार्च माह में अपने घर से लापता हुए थे। परिजनों ने नागौद थाने में रिपोर्ट लिखाई थी। दो दिन के लिए वह घर भी गये थे। इसके बाद से कहीं पता नहीं चला।

शुक्रवार को वह मृत दशा में मिले। परिजनों ने मृत्यु की सूचना पुलिस से मिलने पर परिजन यहां आये। परिजनों ने बताया कि ढाई एकड़ जमीन को लेकर पिता की हत्या की गई। पिता ने एक एकड़ जमीन बेची थी। जमीन खरीदने वालों ने फर्जी ढंग से ढाई एकड़ जमीन अपने नाम करवा ली थी। इसका मामला न्यायालय में चल रहा है। 28 जून को न्यायालय में तारीख नियत थी। 28 को मृतक न्यायालय न पहुंच सके, जिसके चलते जमीन खरीदने वालों ने हत्या कर दी है। परिजनों के आरोप हैं कि जमीन खरीददार उन्हें भी जान से मारने की धमकी देते थे।

चित्रकूट के मप्र क्षेत्र में समाज का बागरी धर्मशाला है। फुर्सत मिलने पर धर्मशाला आते थे। कयास हैं कि धर्मशाला आने पर खरीददारों ने मौका पाकर खाने में कुछ मिलाकर देकर उनकी जान ले ली। सवाल है कि एक एकड़ की जगह खरीददारों ने ढाई एकड़ जमीन कैसे अपने नाम करा ली।

## धुस मैदान पार्क में टंकी से हो रहा जल रिसाव




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय स्थित धुस मैदान के पार्क में जल निगम की बनी पानी की टंकी से लगातार जल रिसाव हो रहा है। वहीं पर पानी बचाओ का दीवार में लेखन भी कराया गया है। रिसाव लगातार लेखन पर ही हो रहा है। इसे लोग देखकर जिला प्रशासन पर व्यंग कसते हैं।

शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित धुस मैदान पार्क में टहलने जाने पर ये दृश्य देखने को मिला। देखा गया कि वहां बनी पानी की टंकी से लगातार जल रिसाव हो रहा है। ये जल रिसाव वहीं पर दीवार लेखन में पानी बचाओ में गिर रहा है। सालो से शिकायत के बाद भी हजारों लीटर पानी से पार्क में टहलने वालों को रोज स्नान कराकर विभाग शायद पुण्य कमा रहा है।

पार्क में टहलने जाने वालों ने कहा कि जल्द पानी का रिसाव बंद न हुआ तो सोमवार को पानी रिसाव का वीडियो जिलाधिकारी को भेजा जाएगा।

## अपराधियों की खेर नहीं उनका स्थान सिर्फ सलाखों के पीछे, शशांक बाजपेई

**उरई (जालौन)** कुठौंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली हदरुख चौकी का इंचार्ज के रूप में पदभार संभालने के बाद पत्रकार वार्ता में बोलते हुए हदरुख चौकी इंचार्ज शशांक बाजपेई ने कहा कि हदरुख चौकी क्षेत्र में शांति कायम रखना एवं अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजना मेरी पहली प्राथमिकता होगी ।

# डीएचओ का वेतन रोक, बीडीओ मऊ को डीएम ने दी प्रतिकूल प्रविष्टि

## विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की हुई समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में जिला उद्यान अधिकारी के हाजिर न होने पर माह जून का वेतन रोकने एवं आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण में समय से धनराशि का भुगतान न करने पर बीडीओ मऊ को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। शुक्रवार को जिलाधिकारी ने कलेक्टेज्ट सभागार में विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए वन, कृषि, विकास, लघु सिंचाई, पंचायती राज आदि विभागों से कहा कि जल शक्ति अभियान के जो कार्य चल रहे हैं, उनका पोर्टल पर फीडिंग करायें। डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह से कहा कि जो रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य हुए हैं, उनको भी संबंधित पोर्टल पर फीड करायें। सिंचाई विभाग से कहा कि बरुआ नाला की खुदाई के कार्य का निरीक्षण कर आख्या दें। शासकीय विद्युत बिल बकाया पर अधिकारियों से कहा कि समय से विद्युत बिल जमा करायें। धनराशि नहीं है तो शासन से मांग की जाए। उपनिदेशक कृषि से कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के जो आवेदन मिले हैं, उनका समय से निस्तारण करायें। फसल बीमा में जिन किसानों को लाभ नहीं मिला है, उन्हें लाभान्वित करायें। खरीफ की फसल बीमा कार्यवाही जल्द करायें। निराश्रित गौवंश संरक्षण पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से कहा कि भरण पोषण की लम्बित पत्रावलियों का भुगतान करायें। बड़ी गौशाला निर्माण को शासकीय भूमि जिन गांवों में है, प्रस्ताव मिले हैं उन्हें शासन को भेजें। आयुष्मान कार्ड पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि प्रगति करायें। जिन पंचायत



सहायकों, सीएचओ ने अच्छे कार्य किये हैं, उन्हें सम्मानित करें। जिनका कार्य ठीक नहीं है, उनसे जवाब-तलब करें। फैमिली प्लानिंग में प्रगति करायें। ड्रग वेयरहाउस निर्माण का निरीक्षण कर बतायें। सामुदायिक शौचालयों के संचालन में जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि संचालन में लगातार शिकायतें मिल रही हैं। निरीक्षण कर व्यवस्थित करायें। पंचायत सहायकों का समय से मानदेय दें। ऑपरेशन कायाकल्प में प्रगति कर पंचायत भवन व अंत्येष्टि स्थल निर्माण के लक्ष्य पर कार्य करायें। गर्मी को देखते हुए रिबोर लायक हैंडपंप की मरम्मत कराये। किसी भी गांव में पेयजल समस्या नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि बारिश के पहले निमार्णाधीन पंचायत भवन को पूर्ण करायें। मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि जो पंचायत भवन जर्जर हैं, कमेटी बनाकर जांच करें, ताकि नये पंचायत भवन का निर्माण हो सके। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण पर परियोजना निदेशक से कहा कि जिन लाभार्थियों को द्वितीय व तृतीय किस्त देनी है, वह भेजी जाए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन पर डीसी एनआरएलएम से कहा कि जो स्वयं सहायता समूह की महिलाएं जिला अस्पताल में कैंटीन चला रही हैं, उन्हें अच्छी व्यवस्था दी जाये। मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में जिन सड़कों का निर्माण हुआ है, उनकी गुणवत्ता की जांच करायें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव से कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प में 19 पैरामीटर्स पर प्रगति कराई जाए। विद्यालयों में फर्नीचर की व्यवस्था कराएं। प्रधानाचार्य आईटीआई, जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि शासन से निर्देश है कि जो परीक्षार्थी कक्षा दस पास हुए हैं, पॉलिटेक्निक में प्रवेश लेना चाहते हैं, उनके आवेदन कराएं। विद्यालयों को भी निर्देश जारी किए जाएं। नई सड़कों के निर्माण, ओडी आरएमडीआर की समीक्षा पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों के निर्माण में प्रगति कराई जाए।

बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, पीडी ऋषिमुनि उपाध्याय, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीएफओ पीके त्रिपाठी, डीपीआरओ कुमार अमरेंद्र, एसीएमओ डॉ इम्तियाज, सीबीओ डॉ सुभाषचंद्र, डीडीए कृषि राजकुमार, एक्सईएन लोनिवि प्रांतीय खंड सत्येंद्रनाथ, निर्माण खंड कृष्ण कुमार, विद्युत आरएस वर्मा समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## चुप्पी तोडो खुलकर बोलो, पुलिस रोक सके उत्पीडन

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर महिलाओं व बालिकाओं में सुरक्षा एवं विश्वास का माहौल कायम करने की गरज से जारी मिशन शक्ति अभियान के तहत थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय की मौजूदगी में थाना रैपुरा की महिला बीट आरक्षी दीक्षा यादव एवं महिला बीट आरक्षी निधि सेंगर ने रामनगर के अम्बेडकर पार्क व थाना भरतकूप महिला बीट आरक्षी शिखा ने रसिन गांव के पंचायत भवन तथा थाना बरगढ़ की महिला बीट आरक्षी समीक्षा ने डोडियामाफी के पंचायत भवन में महिला चैपाल लगाई।



शुक्रवार को महिला चैपालों में महिला बीट आरक्षियों ने महिलाओं-बालिकाओं को सुरक्षा व सहायता को शासन से जारी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से बताया। महिलाओं को जागरूक कर शासन के विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के पम्पलेट बांटे।

महिलाओं-बालिकाओं को बताया कि उनके साथ किसी भी प्रकार का उत्पीड़न हो, इस बाबत पुलिस से चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो, ताकि उत्पीड़न रोका जा सके। महिलाओं-बालिकाओं को गुड-टच, बैड-टच के बारे में बताया। छोटे-छोटे बच्चों को जानने वाले लोग ही बैड-टच करते हैं और समझ नहीं पाते। इस बारे में खुलकर बतायें तथा बच्चों का विशेष ध्यान रखें।

## टीला हटाने को नदी में उतरी जेसीबी फंसी



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** नयागांव रपटा के पास मन्दाकिनी नदी मे बने टीले को हटाने को नदी में उतरी नगर पालिका की जेसीबी मशीन नदी में फंस गई। मशक्कत के बाद मशीन नदी से बाहर निकाली गई। अब पालिका पोकलैण्ड मशीन मंगाकर टीले को हटवायेगी।

शुक्रवार को नदी के बीचोबीच बने टीला को हटाने को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने जिलाधिकारी अभिषेक आनंद से मांग की थी। डीएम के निर्देश पर नगर पालिका ईओ लालजी यादव और सफाई निरीक्षक कमलाकांत ने गुरूवार की शाम स्थल निरीक्षण किया। शुक्रवार को पालिका की जेसीबी नदी में उतरी, लेकिन वह धारा में फंस गई। दूसरी मशीन मंगाकर मशक्कत के बाद जेसीबी नदी से बाहर निकाली गई। अब पालिका पोकलैण्ड मंगाकर टीले को हटाने की योजना में है।

## पुलिस ने दस जुआरियों को रंगेहाथ दबोचा



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी की अगुवाई में चैकी प्रभारी जिला कारागार श्यामदेव सिंह व कोतवाली पुलिस टीम ने ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते दस लोगों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है।

शुक्रवार को कोतवाली पुलिस टीम ने कृष्ण कुमार कुशवाहा पुत्र राजेन्द्र कुशवाहा, सुनील कुमार कुशवाहा पुत्र प्रेमनारायण, संतोष कुमार कुशवाहा पुत्र गिरजाशरण, सुनील श्रीवास पुत्र भगवानदीन, गोरेलाल साहू पुत्र रामधनी निवासी रगौली, बलराम लोध पुत्र जमुना लोध निवासी बालापुर खालसा, दीनदयाल किहरा पुत्र गयादीन, राजेन्द्र रैकवार पुत्र रामखिलावन, धर्मेन्द्र कुमार पुत्र रामखिलावन व चुन्नू रैकवार पुत्र रामखिलावन निवासी अमरपुर कंठीपुर को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ से 13 सौ रुपये व ताश के 52 पत्ते तथा जामा तलाशी से 720 रुपये बरामद हुए। सभी के खिलाफ कोतवाली कर्वी में धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में चैकी प्रभारी जिला कारगार श्यामदेव सिंह, सिपाही पियूष शरण श्रीवास्तव, प्रवीण पाण्डेय, राहुल देव, शिवम राजपूत व संजीव कुमार शामिल रहे।

## डीएफओ ने डीएम को पौधरोपण का बताया लक्ष्य

### 72 लाख 98 हजार 500 पौधरोपण का है लक्ष्य

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द को पौधरोपण बाबत बैठक में डीएफओ पीके त्रिपाठी ने बताया कि जिले में शासन से 72 लाख 98 हजार 500 पौधरोपण का वन विभाग समेत लोक निर्माण, सिंचाई, कृषि, नगर विकास, ग्राम्य विकास, राजस्व विभाग, शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, पंचायती राज अन्य संबंधित विभागों को लक्ष्य दिया गया है।



शुक्रवार को जिलाधिकारी ने पौधरोपण बाबत बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्ट्रेट सभागार में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन विभागों को पौधरोपण का शासन से लक्ष्य निर्धारित है, स्थल का चयन कर वन विभाग से दो प्रारूप सूचना उपलब्ध करायें। प्रत्येक दशा में सोमवार तक अवश्य उपलब्ध करा दें। पौधरोपण का गड्ढा खुदान में प्रगति कर सूचना वन विभाग को दें। उपनिदेशक कृषि व उद्यान विभाग से कहा कि जिन किसानों को पौधा देना है, उनसे संपर्क कर गड्ढा खुदवाने की व्यवस्था कराएं। डीएफओ से कहा कि प्रतिदिन संबंधित विभागों से गड्ढा खोदान की प्रगति की रिपोर्ट लेते रहे, ताकि पौधरोपण में प्रगति हो सके। संबंधित विभागों से कहा कि ट्रीगार्ड भी पौधरोपण में लगायें। लक्ष्य के अनुरूप सभी विभाग अभी से तैयारी कर लें। प्रभागीय वनाधिकारी से कहा कि पर्यटन, दिव्यांगजन, समाज कल्याण, प्राविधिक शिक्षा, बैंकों, जल निगम, जल संस्थान, बाल विकास, आपूर्ति विभाग को भी वृक्षारोपण का लक्ष्य दिया जाए। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, पीडी ऋषिमुनि उपाध्याय, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीपीआरओ कुमार अमरेंद्र, डीडीए कृषि राजकुमार, अधिशासी अभियंता लोनिवि प्रांतीय खंड सत्येंद्रनाथ समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## नाविकों ने रामघाट में की मन्दाकिनी की सफाई

### बुंदेली सेना ने नाविकों के जज्बे को सराहा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** रामघाट में नाविकों ने मन्दाकिनी नदी की सफाई की। नाविकों ने प्रत्येक सप्ताह नदी सफाई करने का निर्णय लिया है। बुंदेली सेना ने नाविकों के जज्बे की सराहना करते हुए निर्णय की सफलता की कामना की है।

शुक्रवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि नदी समाज की है। सरकारों और प्रशासन पर निर्भरता छोंड नदी के लिए खुद आगे आना होगा। अब रामघाट के नाविक नदी सफाई को आगे आए हैं। ये सराहनीय कार्य है। नाविको ने प्रत्येक सप्ताह रामघाट में नदी की सफाई की योजना बनाई है। नाविक अपने निर्णय पर डटे रहे तो रामघाट में नदी हमेशा साफ स्वच्छ बनी



रहेगी। बताया कि नदी समाज का विषय है और समाज अब नदी को लेकर चिंतनशील और गंभीर होने लगा है। शुक्रवार को नाविकों ने गंगा आरती से छोटे पुल तक सफाई करके बड़े पैमाने पर चोई जलीय चारा और कचरा गंदगी नदी से बाहर की।

सफाई में नाविक मूलचंद्र, गोविंद, अनिल, सुनील, फिरंगीलाल, नीलू, मिठूल, बच्चा, विकास व छोटू समेत अन्य युवा शामिल रहे।

## जानलेवा हमले में ओमप्लाजा के मालिक घायल

### शहर में हुई चाकूबाजी की घटना

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के पुरानी बाजार बलमा समोसा की दुकान के पास चाकूबाजी की घटना में तीन लोग घायल हो गये। चाकूबाजी के साथ तमंचे से भी फायरिंग कर जान से मारने के प्रयास किया गया। घटना की रिपोर्ट कोतवाली कर्वी में गम्भीर धाराओं में पुलिस ने दर्ज कर ली है। चाकूबाजी की घटना अंजाम देने वाले तीन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



चाकूबाजी की घटना गुरुवार को रात साढे दस बजे पुरानी बाजार स्थित बलमा समोसा के घर के पास हुई। बताया गया कि ओम प्लाजा के मालिक देवराज यादव पुत्र स्व ओमप्रकाश यादव पुरानी बाजार में थोपू उर्फ राजेश यादव पुत्र विजय के यहां निमंत्रण में गये थे। उनके साथ चचेरे भाई केशव, अतुल पुत्र स्व इन्द्रपाल व अनुज उर्फ धोनी पुत्र प्रेमचन्द्र निवासी राजापुर थे। इसी बीच किसी बात को लेकर हुए विवाद में राजेश उर्फ थोपू, अभिषेक पुत्र विजय यादव, विजय पुत्र बाबूलाल, पंकज उर्फ नउवा पुत्र अज्ञात, मैकू निषाद पुत्र अज्ञात, सोनू व अमित पाण्डेय निवासी पाण्डेय कालोनी ने चाकू व तमंचे से हमला बोल दिया। हमले में देवराज समेत उनके भाई घायल हो गये हैं।

पुलिस ने तत्काल मामले की रिपोर्ट अपराध संख्या 0371 में धारा 147, 352, 323, 324 व 307 आईपीसी के तहत दर्ज कर ली है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## चक्रवात बिपरजॉय ने पाकिस्तान पर रहम किया

**कराची।** अरब सागर में उठा चक्रवात बिपरजॉय भारत के गुजरात प्रांत में तूफानी कहर ढाने के बाद पाकिस्तान पर रहम कर गया। पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग ने कहा है कि सौभाग्य से



पाकिस्तान का तट काफी हद तक सुरक्षित रहा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सिंध के तट पर भारी बारिश नहीं हुई, जैसा कि हम उम्मीद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज बिपरजॉय का प्रभाव और कम हो जाएगा, क्योंकि चक्रवात पर्यावरण के आधार पर धीरे-धीरे कम दबाव वाले क्षेत्र में बदल जाएगा।

## अमेरिका में चीन के तीन एजेंटों पर मुकदमा चलेगा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में एक प्राइवेट जासूस और चीन के दो नागरिकों पर जासूसी का मुकदमा चलेगा। अमेरिकी न्याय विभाग ने इसकी पुष्टि की है। विभाग के अनुसार चीन के तीनों एजेंट ने बीजिंग



के ऑपरेशन फॉक्स हंट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आरोप है कि चीन ने ऑपरेशन फॉक्स हंट के तहत से जापान, ब्रिटेन, नीदरलैंड और फ्रांस सहित दुनिया भर में दर्जनों पुलिस चौकियां स्थापित की हैं। इन तीनों पर बीजिंग के आदेश पर जू जिन और उनके परिवार को 2016 के आखिर में उपनगर न्यू जर्सी में परेशान करने का भी आरोप है। जू जिन चीन के पूर्व अधिकारी हैं। अभियोजन का कहना है कि बीजिंग अपने पूर्व अधिकारी जू जिन को भगोड़ा मानता है।

## फिजी के दक्षिणी भाग में आया 7.2 तीव्रता का भूकंप

**टोंगा।** फिजी के दक्षिणी भाग में रात 11:36 बजे (भारतीय समयानुसार) भीषण भूकंप आया। हिंद-प्रशांत क्षेत्र के देश फिजी में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। जानमाल के नुकसान की अभी तक जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। रिएक्टर स्कले पर भूकंप की तीव्रता 7.2 मापी गई है। इसकी पुष्टि यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल




सर्वे (यूएसजीएस) ने किया है। भूकंप का केंद्र धरती के 167 किलोमीटर बताया जा रहा है। भूकंप का केंद्र दक्षिण प्रशांत महासागर के नुकालोफा, नुकुआलोफा, टोंगाटापु से 291 किमी दक्षिण-पश्चिम में है। इससे पहले 10 जून को भी फिजी में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। तब एनसीएस ने बताया था कि भूकंप के झटके रिक्टर स्केल पर 5.9 थी।

## अमेरिका ने माना, हिंद प्रशांत की मुक्ति, सुरक्षा व समृद्धि में भारत की भूमिका अहम

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने माना है कि हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र की मुक्ति, सुरक्षा, समृद्धि व आत्मनिर्भरता में भारत की भूमिका अहम है। अमेरिका ने इस दृष्टि से भारत के साथ अपनी साझेदारी को भी महत्वपूर्ण करार दिया है। अमेरिका का यह बयान भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा से एक सप्ताह पहले आया है।

अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा है कि भारत के साथ अमेरिकी साझेदारी सबसे अहम है। अमेरिका और भारत कई क्षेत्रों में मिलकर एक साथ काम कर रहे हैं। हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र को मुक्त, समृद्धि और आत्मनिर्भर रखने में भारत की अहम भूमिका है। मिलर ने कहा कि अमेरिका के विदेश मंत्री टॉनी ब्लिंकेन पीएम मोदी और भारतीय प्रतिनिधिमंडल के अमेरिका दौरे पर फोकस कर रहे हैं। वह कई मुद्दों पर भारत के



साथ बातचीत करेंगे। भारत में अमेरिकी वीजा मिलने में हो रही देरी पर मैथ्यू मिलर ने कहा कि अमेरिका के वाणिज्य दूतावास इस समस्या को दूर करने में जुटे हैं और जल्द से जल्द बड़ी संख्या में भारतीय लोगों को वीजा जारी किए जाएंगे। मिलर ने कहा कि यह अमेरिकी सरकार की प्राथमिकता है। भारत में मानवाधिकार के मुद्दे पर मिलर ने कहा कि इसे लेकर हम साफ हैं और भारत के साथ निजी तौर पर बात कर रहे हैं। मिलर ने कहा कि हमने भारत के साथ अपनी चिंताओं को साझा किया है।

## सुवलिन की यात्रा से भारत-अमेरिका साझेदारी को बल मिला : व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** अगले ही हफ्ते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमेरिका की राजकीय यात्रा पर जाने वाले हैं। इससे पहले अमेरिका में उनके दौरे को लेकर खासा कौतुहल देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा से पहले व्हाइट हाउस से भारत-अमेरिका साझेदारी को लेकर कई बयान आ चुके हैं। वृहस्पतिवार को भी व्हाइट हाउस ने अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुवलिन की भारत यात्रा को लेकर बयान जारी किया है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुविलन ने हाल में भारत की यात्रा की थी। उनकी वापसी के बाद व्हाइट हाउस ने कहा है कि उनकी यात्रा से भारत अमेरिका साझेदारी को बल मिला है और इसे ही उन्होंने अपनी यात्रा में रेखांकित किया। सुवलिन ने इस हफ्ते नई दिल्ली की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी, विदेश मंत्री एस



जयशंकर और अपने समकक्ष अजीत डोभाल से मुलाकात की।

व्हाइट हाउस ने कहा कि सुविलन की यात्रा ने प्रधानमंत्री मोदी की अगले हफ्ते अमेरिका की आधिकारिक राजकीय यात्रा से पहले अमेरिका-भारत साझेदारी की गतिशीलता को रेखांकित किया। इसने कहा, उन्होंने प्रधानमंत्री की आगामी आधिकारिक यात्रा के लिए तैयारियों की समीक्षा की, साथ ही दोनों देशों के बीच रणनीतिक प्रौद्योगिकी एवं रक्षा साझेदारी सहित कई रणनीतिक, क्षेत्रीय और द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की।

## यूएन महासभा अध्यक्ष कोरोसी का ट्वीट, भारत के प्रधानमंत्री मोदी से मिलने को उत्साहित हूं

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष सत्र आहूत किया है। इस विशेष योग सत्र की अगुवाई भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे और संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष साबा कोरोसी भी इसमें शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री मोदी अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर संयुक्त राष्ट्र में होने वाले समारोह में शामिल होंगे। वे संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में होने वाले योग दिवस पर केंद्रित विशेष सत्र की अगुवाई करेंगे। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 77वें सत्र के अध्यक्ष साबा कोरोसी भी इस समारोह में भाग लेंगे।

कोरोसी ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपना चित्र ट्वीट करते हुए लिखा कि वे अगले सप्ताह संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के नॉर्थ लॉन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ संयुक्त राष्ट्र में होने वाले नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लेने के लिए उत्साहित हैं। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की स्थापना का मसौदा प्रस्ताव भारत ने प्रस्तावित किया था और रिकॉर्ड 175 सदस्य देशों ने इसका समर्थन किया गया था।



27 सितंबर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विचार रखा था। योग की सार्वभौमिक मान्यता और बढ़ती लोकप्रियता के साथ, संयुक्त राष्ट्र ने 11 दिसंबर 2014 को 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया। इसके बाद पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया। इस बार योग दिवस पर आयोजित विशेष सत्र के लिए संयुक्त राष्ट्र ने एडवाइजरी भी जारी की है। इसमें सबको योग सत्र में शामिल होने के लिए आमंत्रित करने के साथ बताया गया है कि प्रधानमंत्री मोदी पहली बार संयुक्त राष्ट्र संघ में योग सत्र का नेतृत्व करेंगे। योग सत्र 21 जून को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के विशाल नॉर्थ लॉन में सुबह 8 बजे से 9 बजे तक चलेगा। एडवाइजरी के अनुसार, ऐतिहासिक योग सत्र में संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष अधिकारियों, राजदूतों, दूतों, सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ वैश्विक और प्रवासी समुदाय के प्रमुख सदस्यों के भाग लेने की उम्मीद है। लोगों से कहा गया है कि वह ऐसे कपड़े पहनकर आएं, जिसमें वह योग कर सकें। संयुक्त राष्ट्र ने योग करने के लिए मैट खुद देने की बात कही है।

## सिंगापुर में इमारत गिरने से भारतीय मूल के श्रमिक की मौत, आठ घंटे बाद मलबे से निकाला गया शव

**सिंगापुर।** सिंगापुर के तेनजोंग में एक बिल्डिंग के गिरने से उसमें दबे 20 वर्षीय भारतीय मूल के युवक के शव को आठ घंटे बाद मलवे से बाहर निकाला गया। ऐक सन डिमोलिशन एंड इंजीनियरिंग द्वारा नियोजित भारतीय कर्मचारी की मौत गुरुवार को तेनजोंग पगारमें फूजी जेरोक्स टावर्स इमारत के विध्वंस कार्यों के दौरान ढहने के बाद हुई।

बचाव दल को कर्मचारी का शव मिला, जिसकी पहचान उस समय नहीं हो पाई थी। देर रात रेस्क्यू और खोज अभियान के दौरान लगभग छह घंटे बाद मलवे से शव को बाहर निकाला गया।

सिंगापुर नागरिक सुरक्षा बल (एससीडीएफ) ने एक बयान जारी करते हुए कहा- एक जटिल खोज अभियान के दौरान लापता हुए कर्मचारी को मलवे के भीतर से ढूंढ निकाला गया। शाम छह बजे के आसपास वह एक टूटे हुए कंक्रीट ढांचे के नीचे दबा हुआ पाया गया था। बाहर निकाले जाने के बाद न तो उसकी पल्स चल



रही थी न ही वह सांस ले रहा था। शव को रात के नौ बजकर 45 मिनट में मलवे से बाहर निकाला गया और पैरामेडिकल टीम द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया था। एससीडीएफ ने कहा कि ऑपरेशन में आपदा सहायता और बचाव दल के कर्मियों ने जगह बनाने के लिए मलबे के माध्यम से अपना रास्ता बनाया। इस दौरान उन्हें यह जानना था कि शरीर के हिस्से कहां फंसे हो सकते हैं।

एससीडीएफ ने जांच के दौरान 11 आपातकालीन वाहन, करीबन 70 अधिकारी और खोज करने के लिए दो कुत्ते भी भेजे थे। कर्मचारियों की खोज में एक फाइबर ऑप्टिक स्कोप, लाइफ डिटेक्शन इक्विप्मेंट भी भेजा गया था। कार्तिक वैद्य जो यहां एंसन हाउस में काम करते हैं, उन्होंने कहा कि जब उन्हें इसके बारे में पता चला तो वह श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित थे। उन्होंने कहा- इमारत गिराने का

> **बचाव दल को कर्मचारी का शव मिला, जिसकी पहचान उस समय नहीं हो पाई थी। देर रात रेस्क्यू और खोज अभियान के दौरान लगभग छह घंटे बाद मलवे से शव को बाहर निकाला गया।**

काम महीनों से जारी था, जब भी मैं अपने दफ्तर से वापस आता था तो इसी स्तरों को नीचे गिरते हुए देखता था।

सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड के डेवलपर ने इस घटना पर शोक जताया है।

## ब्रिटेन में भारतीय मूल के व्यक्ति की हत्या में तीन लोग दोषी करार

**लंदन।** दक्षिण-पश्चिमी लंदन में एक पब के बाहर पिछले साल भारतीय मूल के व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या करने के मामले में तीन लोगों को दोषी ठहराया गया है। तीनों आरोपितों को बाद में सजा सुनाई जाएगी। यह जानकारी मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने दी।

पिछले साल 25 जून को हाउनस्लो में स्टेन्स रोड पर स्थित एक पब के पास एक व्यक्ति पड़ा मिला था, जिसकी पहचान कमलजीत सिंह रील (31) के रूप में हुई थी। इसके बाद पब के कर्मचारियों और वहां




मौजूद लोगों ने एम्बुलेंस तथा पुलिस के पहुंचने तक व्यक्ति का प्राथमिक उपचार किया था। करमजीत की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में उसकी मौत का कारण चाकू से उसके हृदय पर हमला करना बताया गया था।

लंदन में वुड ग्रीन क्राउन अदालत में बुधवार को सुनवाई के दौरान 33 वर्षीय वेस्ली एंजेल को हत्या का दोषी पाया, जबकि उसके भाई नैथन एंजेल को हत्या के आरोप से बरी किया गया। हालांकि नैथन एक अन्य आरोपित बॉबी डनलेवी (26) की तरह गैर इरादतन हत्या और लूट के षड्यंत्र का आरोप स्वीकार कर चुका है।

## पतंजलि का कारोबार पांच साल में एक लाख करोड़ रुपये करने का लक्ष्य: बाबा रामदेव

**नई दिल्ली।** पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड ने बड़ा लक्ष्य तय किया है। बाबा रामदेव की अगुवाई वाले समूह ने सभी तरह के ग्राहकों के लिए बाजार में उत्पाद उतारने की मंशा जताई है। इसके साथ ही समूह ने अगले पांच साल में अपना कारोबार बढ़ाकर एक लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए काम शुरू हो चुका है। पंतजलि समूह के प्रमुख बाबा रामदेव ने शुक्रवार को यहां आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समूह ने अगले 5 साल में अपना कारोबार बढ़ा कर एक लाख करोड़ रुपये तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए हर उपभोक्ता समूह तक पहुंचने की योजना पर काम चल रहा है। बाबा रामदेव ने कहा कि समूह पतंजलि आयुर्वेद के माध्यम से किफायती उत्पाद पेश करता रहा है, लेकिन अब वह पतंजलि फूड्स के माध्यम से उभरते उच्चमध्यम वर्ग को ध्यान में रखकर भी उत्पाद पेश करेगा। समूह की कंपनी पतंजलि फूड्स (पूर्व में रुचि सोया) इस लक्ष्य को पाने में अहम भूमिका निभाएगी। इसका कारोबार अगले पांच साल में 45 हजार से 50 हजार करोड़ रुपये करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि पतंजलि समूह का कारोबार करीब 45,000 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है, इसने अब कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों को पीछे छोड़ दिया है। बाबा रामदेव ने कहा कि समूह की पहुंच दुनिया के करीब 200 देशों में लगभग दो अरब लोगों तक हो चुकी है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## ब्रिटेन में रह रहे खालिस्तानी आतंकी अवतार सिंह खांडा की मौत

**लंदन।** ब्रिटेन में रह रहे खालिस्तानी आतंकी अवतार सिंह खांडा की मौत हो गयी है। खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (केएलएफ) के मुखिया के रूप में सक्रिय खांडा की मौत बर्मिंघम के एक अस्पताल में होने की पुष्टि की गयी है।

आतंकी संगठन खालिस्तान लिबरेशन फोर्स की कमान संभाल रहा अवतार सिंह खांडा ब्रिटेन में रह रहा था। बर्मिंघम शहर के एक अस्पताल में उसे भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई है। पहले आशंका जताई जा रही थी कि उसे जहरीला पदार्थ दिया गया है। अब ब्रिटेन के मेडिकल रेकॉर्ड में अवतार के ब्लड कैंसर होने की पुष्टि हुई है। अवतार सिंह ने ही लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हमला कराया था। उसे ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग के झंडे को उतारने के आरोप में



लंदन पुलिस ने गिरफ्तार किया था। जानकारी मिली है कि अवतार सिंह के शरीर में जहर भी मिला है। अवतार सिंह के बारे में कहा जाता है कि उसने ही जेल में बंद खालिस्तानी अमृतपाल सिंह को तैयार किया था और बाद में उसे वारिस पंजाब दे के नेता के रूप में पंजाब भेजा था। वारिस पंजाब दे का गठन दीप सिद्धू ने किया था। खांडा ने सिख युवाओं को बम बनाने और आईईडी के इस्तेमाल की ट्रेनिंग दी थी।

## 'चीन नहीं भारत कर सकता है यूक्रेन युद्ध का समाधान', अमेरिकी नेता ने इसकी वजह भी बताई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक वरिष्ठ नेता ने कहा है कि यूक्रेन युद्ध का समाधान चीन नहीं बल्कि भारत कर सकता है। बता दें कि चीन, रूस और यूक्रेन के बीच शांति समझौता कराने की कोशिशों में जुटा हुआ है। भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद एमी बेरा ने कहा कि भारत के रूस के साथ पुराने संबंध हैं, ऐसे में भारत को अपने संबंधों के चलते पुतिन से बात करनी चाहिए और यूक्रेन युद्ध का समाधान निकालने की कोशिश करनी चाहिए। एमी बेरा ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि पीएम मोदी के आगामी अमेरिका दौरे में उनके और राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच यूक्रेन संकट पर कोई बात होगी या नहीं।

**चीन को नहीं भारत को करनी चाहिए पहल**- एमी बेरा ने कहा कि भारत, यूक्रेन संकट को सुलझाने में अहम भूमिका निभा सकता है। भारत के रूस के साथ पुराने संबंध रहे हैं। भारतीय प्रधानमंत्री इस मुद्दे पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात कर सकते हैं क्योंकि हम ऐसा करने में सक्षम नहीं हैं। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग सीजफायर के लिए दोनों पक्षों में समझौता कराने में जुटे हैं लेकिन मुझे लगता है कि भारत को यह काम करना चाहिए।

**इन मुद्दों पर होगी पीएम मोदी और जो बाइडन के बीच बातचीत**

भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद ने बताया कि अगले हफ्ते पीएम मोदी और जो बाइडन के बीच होने वाली बैठक में आर्थिक साझेदारी पर बात हो सकती है। बेरा ने कहा कि दोनों देशों में व्यापार, सप्लाई चेन को लेकर बात हो सकती है। भारत कच्चे माल का प्रमुख सप्लायर है। ऐसे में फार्मास्यूटिकल सेक्टर और तकनीक के मुद्दे पर बात हो सकती है। साथ ही भू-राजनैतिक सुरक्षा, मेरीटाइम सुरक्षा और रक्षा क्षेत्र में सहयोग पर भी बात होगी।

**पीएम मोदी का अमेरिका दौरा अहम**

पीएम मोदी 21 से 24 जून तक अमेरिका के दौरे पर रहेंगे। राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के आमंत्रण पर पीएम मोदी अमेरिका जा रहे हैं। वह 22 जून को राष्ट्रपति भवन में होने वाले राजकीय भोज में शामिल होंगे। साथ ही 22 जून को ही अमेरिका की संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। बेरा ने कहा कि भारत और अमेरिका की साझेदारी 21वीं सदी की सबसे अहम साझेदारी है।

## ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, वॉल स्ट्रीट में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा मॉनेटरी पॉलिसी का ऐलान करने के अगले दिन वॉल स्ट्रीट के तीनों सूचकांकों ने बढ़त के साथ कारोबार का अंत किया। वॉल स्ट्रीट के तीनों सूचकांकों ने 1 प्रतिशत से अधिक की छलांग लगा कर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। दूसरी ओर यूरोपीय बाजार पिछले सत्र में मिलाजुला कारोबार करके बंद हुए। जबकि एशियाई बाजारों में आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। पिछले कारोबारी सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट में उत्साह का माहौल बना नजर आया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी नहीं करने के फैसले को लेकर निवेशकों में उत्साह का माहौल देखा गया। डाओ जोंस 428.73 अंक यानी 1.26 प्रतिशत की मजबूती के साथ 34,408.06 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 1.22 प्रतिशत की छलांग लगाकर 4,425.84 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 156.34 यानी 1.56 प्रतिशत की तेजी के साथ 13,782.82 अंक के स्तर पर बंद हुआ। यूरोपीय बाजार पिछले कारोबारी सत्र के दौरान ब्याज दरों में हुई बढ़ोतरी की वजह से दबाव में कारोबार करते नजर आए।

आपको बता दें कि यूरोपियन सेंट्रल बैंक (ईसीबी) ने ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है, जिसकी वजह से ब्याज दर 22 साल के सबसे ऊंचे स्तर 4 प्रतिशत पर पहुंच गई है। ब्याज दर में हुई बढ़ोतरी का असर यूरोपीय बाजार के कारोबार पर साफ-साफ नजर आया। पिछले सत्र के कारोबार के दौरान यूरोपीय बाजार के 1 सूचकांक में तेजी का रुख देखा गया, जबकि 2 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.33 प्रतिशत की बढ़त के साथ 7,628.26 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर सीएसी इंडेक्स ने 0.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,290.91 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।